website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक

# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 322 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## पीएम मोदी 29 अक्टूबर को मुंबई में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को करेंगे संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार, 29 अक्टूबर को मुंबई का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री शाम लगभग 04 बजे नेस्को एग्जिबिशन सेंटर में इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 (आईएमडब्ल्यू-2025) में मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करेंगे और ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम की अध्यक्षता करेंगे।

**27 से 31 अक्टूबर तक आयोजन**

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक आईएमडब्ल्यू-2025 का विषय "महासागरों का एकीकरण, एक समुद्री दृष्टिकोण" है। इसका 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत के वैश्विक समुद्री केंद्र और नीली अर्थव्यवस्था में अग्रणी बनने के रणनीतिक रोडमैप को प्रदर्शित किया जाएगा।

**एक लाख से अधिक प्रतिनिधि लेंगे भाग**

आईएमडब्ल्यू 2025 में 85 से अधिक देश भाग लेंगे, जिसमें 1,00,000 से अधिक प्रतिनिधि, 500 से अधिक प्रदर्शक और 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय वक्ता शामिल होंगे।

**इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का प्रमुख कार्यक्रम**

इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 का प्रमुख कार्यक्रम, ग्लोबल मैरीटाइम सीईओ फोरम, वैश्विक समुद्री कंपनियों के सीईओ, प्रमुख निवेशकों, नीति-निर्माताओं, नवप्रवर्तकों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों को वैश्विक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाएगा। यह फोरम सतत समुद्री विकास, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं, हरित नौवहन और समावेशी नीली अर्थव्यवस्था रणनीतियों पर संवाद के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करेगा।

**भारत को दुनिया की अग्रणी समुद्री शक्तियों में स्थान दिलाना इसका उद्देश्य**

प्रधानमंत्री की भागीदारी से समुद्री अमृत काल विजन 2047 के अनुरूप एक महत्वाकांक्षी, भविष्योन्मुखी समुद्री परिवर्तन के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का पता चलता है। चार रणनीतिक स्तंभों- बंदरगाह-आधारित विकास, नौवहन और जहाज निर्माण, निर्बाध लॉजिस्टिक और समुद्री कौशल निर्माण पर आधारित इस दीर्घकालिक विजन का उद्देश्य भारत को दुनिया की अग्रणी समुद्री शक्तियों में स्थान दिलाना है।

## सिख गुरुओं की शिक्षाएं भारत की एकता और संस्कृति की आत्मा हैं- योगी आदित्यनाथ



नई दिल्ली (एजेंसी)। सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने सीएम योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हमें उस गौरवशाली गुरु परंपरा से जोड़ती है, जिसने भारत की संस्कृति, साहस और बलिदान की भावना को नई दिशा दी। सीएम योगी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर शुरू हुई है। यह केवल श्रद्धा की यात्रा नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का भारत की सनातन परंपरा में योगदान अविस्मरणीय है। गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह और उनके चार साहिबजादों ने जिस प्रकार धर्म, देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, वह भारत के इतिहास को नई प्रेरणा देता है। सीएम योगी ने कहा कि लगभग ढाई सौ वर्षों से गुरु महाराज के पावन चरण पादुकाएं, जो पहले अखंड भारत के हिस्से पाकिस्तान में थीं, अब पटना साहिब में स्थापित की जा रही हैं। दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा पूरे देश में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और गौरव का भाव जगाती जा रही है।

उन्होंने कहा कि लखनऊ का यहियागंज गुरुद्वारा इसलिए भी विशेष है क्योंकि गुरु तेग बहादुर और गुरु गोविंद सिंह की स्मृतियां इस स्थान से जुड़ी हैं। यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सीएम योगी ने सिख समुदाय के प्रति आदर व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज की यह यात्रा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस 'गुरु चरण यात्रा' को राष्ट्रीय एकता और आध्यात्मिक जागरण के संदेश के रूप में आगे बढ़ाएं।

## देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा सर्विस सेक्टर- नीति आयोग




नई दिल्ली (एजेंसी)। नीति आयोग के अनुसार, सर्विस सेक्टर देश के कुल जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में लगभग 55 प्रतिशत का योगदान देते हुए आर्थिक विकास का मुख्य आधार बन गया है।

**नीति आयोग में सर्विसेज डिविजन**

नीति आयोग की सर्विसेज डिविजन की प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. सोनिया पंत ने कहा, "नीति आयोग में सर्विसेज डिविजन एक नया डिविजन है, जिसे खासकर सर्विस सेक्टर पर ध्यान देने के लिए ही बनाया गया है, जो कि देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला महत्वपूर्ण सेक्टर है।" उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नीति आयोग के सर्विसेज डिवीजन ने 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर: इनसाइट फ्रॉम जीवीए ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' और 'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर : इनसाइट फ्रॉम एंप्लॉयमेंट ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' तैयार की हैं।"

दोनों ही रिपोर्ट को लेकर पंत जानकारी देते हुए बताती हैं कि ये रिपोर्ट आउटपुट और एंप्लॉयमेंट को लेकर सर्विस सेक्टर के डेडिकेटेड असेस्मेंट से जुड़ी है। रिपोर्ट डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, स्किल्ड ह्मन कैपिटल को बढ़ाने, इनोवेशन इकोसिस्टम को तैयार करने और वैल्यू चेन में सर्विस को इंटीग्रेट करने की जरूरत पर बल देती है, जिसके साथ भारत को डिजिटल, प्रोफेशनल और नॉलेज-बेस्ड सर्विसेज में एक विश्वसनीय ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित किया जा सके।

**स्ट्रक्चरल रूप से पिछड़े राज्य अब तेजी से आगे बढ़ रहे राज्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं**

नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्ट्रक्चरल रूप से पिछड़े राज्य अब तेजी से आगे बढ़ रहे राज्यों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कन्वर्जेंस का यह उभरता पैटर्न दर्शाता है कि भारत का सर्विसेज से जुड़ा यह बदलाव इन्क्लूसिव हो रहा है।

**यह रिपोर्ट भारत के सर्विसेज वर्कफोर्स को लेकर मल्टी-डायमैनशनल व्यू करती है प्रदान**

'इंडियाज सर्विसेज सेक्टर : इनसाइट फ्रॉम एंप्लॉयमेंट ट्रेंड्स एंड स्टेट लेवल डायनैमिक्स' टाइटल की रिपोर्ट सर्विस सेक्टर में रोजगार पर केंद्रित है। यह रिपोर्ट रोजगार को लेकर एनएसएस (2011-12) और पीएलएफएस (2017-18 से लेकर 2023-24) से लिए गए डेटा पर आधारित है। रिपोर्ट भारत के सर्विसेज वर्कफोर्स को लेकर जेंडर, रीजन, एजुकेशन और ऑक्यूपेशन से जुड़ा दीर्घकालिक और मल्टी-डायमैनशनल व्यू प्रदान करती है। रिसर्च से जानकारी मिलती है कि सर्विस सेक्टर देश में रोजगार के बढ़ने और कोरोना महामारी के बाद से रिकवरी का मुख्य आधार बना हुआ है। हालांकि, चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं।

**यह रिपोर्ट सर्विस सेक्टर को महत्वपूर्ण चालक के रूप में देखती है**

यह रिपोर्ट सर्विस सेक्टर को प्रोडक्टिव, हाई-क्वालिटी और इंक्लूसिव जॉब के महत्वपूर्ण चालक के रूप में देखती है। साथ ही, भारत में रोजगार को लेकर हो रहे बदलावों और भारत के 2047 तक विकसित बनने के विजन को पूरा करने को लेकर सर्विस सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है।

## IGI एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर खड़ी बस में लगी आग, मचा हड़कंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 पर मंगलवार दोपहर एक बस में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह आग एयर इंडिया की एक बस में दोपहर करीब 1:00 बजे के आसपास लगी। घटना की सूचना मिलते ही आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस, दमकल विभाग, सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और स्थिति पर नियंत्रण पाया। राहत की बात यह रही कि बस में उस समय कोई यात्री या सामान मौजूद नहीं था। बस में केवल चालक मौजूद था, जो सुरक्षित बाहर निकल गया। दमकल विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग लगने के बाद टर्मिनल के आसपास थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल जरूर बना, लेकिन एयरपोर्ट संचालन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। एयर इंडिया और एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के घायल होने या किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट के आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी इस घटना को लेकर बयान जारी किया गया। बयान में कहा गया कि एक आकस्मिक घटना में एक ग्राउंड हैंडलर द्वारा संचालित बस में आज दोपहर आग लग गई। हमारी विशेषज्ञ एआरएफएफ (विमान बचाव और अग्निशमन) टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कुछ ही मिनटों में आग बुझा दी। उस समय बस पूरी तरह से खाली थी और कोई हताहत नहीं हुआ। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि घटना के बाद सभी उड़ान संचालन सामान्य रूप से जारी हैं और यात्रियों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में बताया जा रहा है कि बस में शॉर्ट सर्किट या किसी खराबी के कारण आग लगी है। हालांकि, असल कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा।

## 'फाइटर जेट राफेल' में उड़ान भरेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

### -29 अक्टूबर को अंबाला वायुसेना स्टेशन का करेंगी दौरा



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान में उड़ान भरेंगी। राष्ट्रपति 29 अक्टूबर यानी बुधवार को हरियाणा में स्थित अंबाला वायुसेना स्टेशन का दौरा करेंगी, जहां वह वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान 'राफेल' में एक सॉर्टी (उड़ान) भरेंगी। यह अवसर भारतीय वायुसेना के लिए गौरव का क्षण होगा। बता दें कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति भारत की तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। राष्ट्रपति सचिवालय ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। उस समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के पायलटों के साथ अनुभव साझा करते हुए वायुसेना की दक्षता, अनुशासन और समर्पण की सराहना की थी। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान में राष्ट्रपति की उड़ान का यह अनुभव भारतीय वायुसेना की आधुनिकता, क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा प्रयासों का प्रतीक माना जा रहा है। अंबाला वायुसेना स्टेशन, राफेल स्क्वाड्रन की तैनाती का प्रमुख केंद्र है और इसे भारत की हवाई सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के इस दौरे के दौरान वायुसेना प्रमुख तथा वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस सॉर्टी के माध्यम से राष्ट्रपति भारतीय वायुसेना के पराक्रम, तकनीकी दक्षता और सैन्य शक्ति के योगदान को एक बार फिर सलाम करेंगी। गौरतलब है कि भारत और फ्रांस के बीच राफेल मरीन लड़ाकू विमानों का सौदा भी हो चुका है। राफेल मरीन विमानों की खरीद के लिए यह सरकार-से-सरकार की डील है। इस डील के तहत फ्रांस द्वारा भारतीय नौसेना को मरीन (एम) श्रेणी के 26 राफेल विमानों की आपूर्ति की जाएगी। तय सौदे के मुताबिक, भारतीय नौसेना को फ्रांस द्वारा 26 राफेल मरीन फाइटर जेट की डिलीवरी दी जाएगी। इनमें से 22 फाइटर जेट सिंगल-सीटर होंगे। वहीं, नौसेना को चार ट्विन-सीटर वेरिएंट के ट्रेनिंग राफेल विमानों की डिलीवरी भी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। सीसीएस से मिली इस मंजूरी के बाद यह डील हुई।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी:

## सोना 1.18 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब, चांदी 1,41,896 रुपए प्रति किलो



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने में गिरावट का दौर जारी है और कीमत अब 1.18 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 3,034 रुपए घटकर 1,18,043 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,21,077 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,08,127 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,10,907 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 88,532 रुपए हो गया है, जो कि पहले 90,809 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है।चांदी की कीमत 3,135 रुपए घटकर 1,41,896 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,45,031 रुपए प्रति किलो थी। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार- दोपहर 12 बजे और शाम 5 बजे- कीमतें जारी की जाती हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट हुई है। सोने का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.87 प्रतिशत कम होकर 1,18,700 रुपए हो गया है। चांदी का 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.74 प्रतिशत कम होकर 1,42,301 रुपए थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील पर बातचीत फिर से शुरू होने के कारण सोने को लेकर सेंटीमेंट फिर से नकारात्मक हो गया है। निवेशकों का अब फोकस फेड के ब्याज दरों पर निर्णय को लेकर है। उन्होंने आगे कहा कि सोना पर दबाव बना हुआ है और इसका सपोर्ट 1,16,500 रुपए से लेकर 1,18,000 रुपए के बीच और रुकावट का स्तर 1,21,000 रुपए से लेकर 1,22,000 रुपए के बीच में है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोने का दाम 1.98 प्रतिशत कम होकर 3,939 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46.53 डॉलर प्रति औंस पर था।

## अमेरिका में शटडाउन से हवाई सेवाएं ठप, यात्रियों की बढ़ी परेशानी




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में सोमवार को 4,000 से ज्यादा उड़ानें देरी से शुरू हुई और करीब 118 उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह स्थिति पिछले 27 दिनों से चल रहे शटडाउन के कारण पैदा हुई है, जिससे हवाई यात्रा प्रभावित हो रही है।

**यह देरी देशभर के हवाई अड्डों और हवाई यातायात नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की कमी की वजह से हो रही है**

यह देरी देशभर के हवाई अड्डों और हवाई यातायात नियंत्रण टावरों में कर्मचारियों की कमी की वजह से हो रही है। फ्लाइट अवेयर के अनुसार, रविवार को ही 8,700 से ज्यादा उड़ानें देरी से चलीं, क्योंकि कर्मचारियों की कमी लगातार बढ़ रही है। लगभग 13,000 हवाई यातायात नियंत्रक और 50,000 परिवहन सुरक्षा अधिकारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, जिससे हवाई सेवाओं पर भारी दबाव पड़ा है।

**लॉस एंजिल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एफएए ने जमीनी विलंब लागू किया, जिसके कारण उड़ानें औसतन 25 मिनट तक रुकी रहीं**

संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि स्टाफ की कमी के कारण दक्षिण-पूर्वी इलाकों और न्यू जर्सी के नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। लॉस एंजिल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एफएए ने जमीनी विलंब लागू किया, जिसके कारण उड़ानें औसतन 25 मिनट तक रुकी रहीं।

**परिवहन विभाग के सचिव सीन डफी ने रविवार को फॉक्स न्यूज को बताया, कि कर्मचारियों को गुरुवार और शुक्रवार को नोटिस मिला था**

परिवहन विभाग के सचिव सीन डफी ने रविवार को फॉक्स न्यूज को बताया, "कर्मचारियों को गुरुवार और शुक्रवार को नोटिस मिला था। उन्हें यह भी बताया गया कि मंगलवार को मिलने वाला उनका वेतन नहीं दिया जाएगा।" डफी ने हवाई यातायात नियंत्रकों को हो रहे तनाव के बारे में बताया।

**परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि उड़ानें तो जारी रहेंगी, लेकिन, शटडाउन लंबे समय तक चलने पर देरी और रद्द होने की संभावना बनी रहेगी**

उन्होंने आगे कहा, "मैंने हवाई यातायात नियंत्रकों से बात की है और उनके चेहरे पर तनाव साफ दिखता है। ये वे लोग हैं जो महीने-महीने की तनख्वाह पर निर्भर रहते हैं। वे कार में ईंधन भराने और बच्चों की देखभाल को लेकर चिंतित हैं।" परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि उड़ानें तो जारी रहेंगी। लेकिन, शटडाउन लंबे समय तक चलने पर देरी और रद्द होने की संभावना बनी रहेगी। एयरलाइनों ने यात्रियों से कहा है कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति पहले से जांच लें और हवाई अड्डे पर लंबे इंतज़ार के लिए तैयार रहें।

**देश भर के हवाई अड्डों को लगातार व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि संघीय गतिरोध का जल्द कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है**

विशेषज्ञों का कहना है कि शटडाउन खत्म होने के बाद भी विलंबित उड़ानों का बैकलॉग खत्म करने में समय लगेगा, क्योंकि कर्मचारियों की कमी और संचालन से जुड़ी दिक्कतें प्रणाली के लिए चुनौती बनी रहेंगी। देश भर के हवाई अड्डों को लगातार व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि संघीय गतिरोध का जल्द कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है।

## ओडिशा के मुख्यमंत्री माझी ने चक्रवात 'मौंथा' की तैयारियों की समीक्षा की



नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को भुवनेश्वर स्थित लोक सेवा भवन में उच्च स्तरीय बैठक कर चक्रवात मौंथा से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी, मुख्य सचिव मनोज आहूजा, डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया, आईएमडी निदेशक मनोरमा मोहंती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, चक्रवात-प्रभावित जिलों के कलेक्टर भी वर्चुअल रूप से बैठक में जुड़े। आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना यह चक्रवात अब गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है और मंगलवार शाम या रात तक आंध्र प्रदेश तट से टकरा सकता है। इसकी हवा की गति 90 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक रहने का अनुमान है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय जिलों में सुबह से ही भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। गंजम जिले में कई मछली पकड़ने वाली नावों को गोपालपुर बंदरगाह पर सुरक्षित रखा गया है। वहीं, तमिलनाडु के कुछ जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को जान-माल की सुरक्षा और नुकसान को कम करने के निर्देश दिए हैं।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## वन्यजीव अंगों की तस्करी: घटते आंकड़ों के बीच बढ़ती चिंता

देश में वन्यजीव संरक्षण के लिए अनेक क़दम उठाए जाने के बावजूद शिकार और तस्करी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। कुछ समय पहले केंद्र सरकार ने संसद में यह जानकारी दी थी कि पिछले पाँच वर्षों के दौरान वन्यजीवों से जुड़े अपराधों में कमी आई है। वर्ष 2020 में जहाँ ऐसे 820 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में इनकी संख्या घटकर 354 रह गई। आंकड़ों के लिहाज से यह गिरावट संतोषजनक लग सकती है, मगर ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। हाल के वर्षों में वन्यजीवों के अंगों की तस्करी और शिकार की घटनाएं एक बार फिर से बढ़ने लगी हैं, जो देश के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। राजस्थान के डूंगरपुर जिले के साबला वन क्षेत्र का ताज़ा मामला इसका उदाहरण है। पिछले दस महीनों में यहाँ पाँच पैंथरों की मौत हो चुकी है। तीन दिन पहले ही एक नर पैंथर का शिकार कर शिकारी उसका सिर और चारों पंजे काटकर ले गए। यह घटना स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि वन्यजीवों के शिकारी कितने संगठित और निडर हो चुके हैं। पैंथर जैसे दुर्लभ और संरक्षित जीव का इस तरह शिकार होना न सिर्फ क़ानून की अवहेलना है, बल्कि यह वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। इसी तरह मध्यप्रदेश के सिरोहर वन परिक्षेत्र में हाल ही में झाड़ियों के बीच एक तेंदुए का शव मिला, जिसके दांत और नाखून गायब थे। तस्करों द्वारा तेंदुए के दांत, नाखून और खाल की तस्करी अंतरराष्ट्रीय बाजार में की जाती है, जहाँ इनकी भारी कीमत मिलती है। वन्यजीवों के इन अंगों का उपयोग पारंपरिक औषधियों, सजावट की वस्तुओं और तंत्र-मंत्र जैसी कुरीतियों में किया जाता है। यही लालच इन निर्दोष जीवों की जान पर बन आता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में कुछ महीने पहले वन्यजीवों के अंगों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ था। इस गिरोह से बरामद सामग्री में बाघ, तेंदुए और हिरण के अंग शामिल थे। जांच में यह बात सामने आई कि यह नेटवर्क देश के विभिन्न राज्यों में फैला हुआ था और नेपाल सहित दक्षिण-पूर्व एशिया तक इसके संबंध थे। यह दर्शाता है कि वन्यजीवों की अवैध तस्करी अब सीमापार संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत ऐसे अपराधों पर सख्त सज़ा और जुर्माने का प्रावधान है। फिर भी, इन मामलों में सज़ा मिलने की दर बेहद कम है। इसका मुख्य कारण है — साक्ष्य का अभाव, लंबी न्यायिक प्रक्रिया और स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली शिकारी गिरोहों का दबदबा। दूसरी बड़ी समस्या है — वन क्षेत्र में पर्याप्त गश्त और निगरानी तंत्र की कमी। वनकर्मियों की संख्या सीमित है और आधुनिक उपकरणों की भी कमी है, जिससे अपराधियों को पकड़ना मुश्किल हो जाता है।

# भू-राजनीति : कुनार नदी पर डैम बनाने की अफगानिस्तान की चेतावनी

## -तालिबान की चुनौती से बेदम होता पाकिस्तान, सीमा संघर्ष और जल-संकट से उपजा नया संकट

अफगानिस्तान हमेशा से क्षेत्रीय राजनीति का एक संवेदनशील क्रॉस-रोड्स रहा है — पूरब में भारत और चीन, पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम में फारस और मध्यसागरीय दुनिया। यह वह इलाका है जहाँ इतिहास के कई दौरों में संस्कृतियाँ, बाज़ार, प्रवास और आक्रमण एक-दूसरे से टकराते आए हैं। आधुनिक समय में भी अफगानिस्तान की इस भौगोलिक स्थिति ने इसे बड़े शक्तियों के रणनीतिक खेल का केंद्र बना दिया — और अब हालिया घटनाओं ने एक नया मोड़ दे दिया है: कुनार नदी पर अफगानी तालिबान का डैम बनाने का आदेश। इस एक फैसले के इर्द-गिर्द सीमाएँ, पानी, सुरक्षा और कूटनीति — सब कुछ उलझ गया है।

**कुनार नदी — जियो-हाइड्रोलॉजी और उसकी अहमियत**

कुनार नदी (जिसे कुछ जगह चितराल/चितराल नदी भी कहा जाता है) हिन्द कुश पहाड़ियों से निकलती है और अफगानिस्तान में काबुल नदी के साथ मिलकर आगे पाकिस्तान की ओर जाती है। यह नदी, काबुल नदी की एक महत्वपूर्ण शाखा होने के कारण, स्थानीय कृषि, सिंचाई और बिजली-उत्पादन दोनों के लिए की-रिसोर्स है। हिन्दस्तान-पाकिस्तान के उदहारणों की तरह, जब उपराष्ट्र — यानी यहाँ अफ़ग़ानिस्तान — अपने पारिस्थितिकी और ऊर्जा जरूरतों के लिए नदी पर परियोजनाएँ करता है, तो नीचे के देशों पर असर पड़ता है। इसलिए ट्रांसबाउंड्री वाटर (सीमापार जल) की राजनीति बहुत संवेदनशील होती है। कई दशकों से अफगानिस्तान में जल संसाधनों का औपचारिक रूप से कोई विशुद्ध अंतर-राष्ट्रीय समझौता नहीं रहा है जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पानी के बंटवारे को नियमित



करे। अफ़ग़ान अंत में अपस्ट्रीम डेवलपर है — यानी जो पहले बाँध और तालाब बनाकर पानी का नियंत्रण कर सकता है — और यह स्थिति उसे रणनीतिक लाभ दे सकती है अगर वह चाहें तो पैनी कूटनीतिक चालें चलें।

**हाल की घटनाएँ — कुनार पर डैम का आदेश और सीमा पर टकराव**

अक्टूबर 2025 के मध्य-अंत में अफगान तालिबान के सर्वोच्च नेता ने कुनार नदी पर डैम बनाने की त्वरित हिदायत दी। इस ऐलान का समय उसी हफ्ते के सीमाई झड़पों और दोनों तरफ भारी फायरिंग के बीच आया, जिनमें दोनों ओर से जख्मों और मौतों की खबरें आईं। अफगान नेताओं के बयानों के मुताबिक़ यह निर्णय सुरक्षा और ऊर्जा के तात्कालिक मद्देनज़र लिया गया; वहीं पाकिस्तानी अधिकारी इसे 'हाइब्रिड युद्ध' की कूटनीति का हिस्सा बता रहे हैं — पानी को एक हथियार की तरह इस्तेमाल करने का आरोप। सीमाई झड़पें काबुल-इस्लामाबाद गतिरोध का नया चेहरा बनीं — दोनों तरफ़ भारी हथियारों और टैंकों की तैनाती की रिपोर्टें आईं, और दोनों ओर से एक-दूसरे को ज़्यादा नुकसान पहुँचाने के दावे हुए। कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस दिलचस्प और खतरनाक संयोजन को 2025 के सबसे तीव्र सीमाई संघर्षों में से एक कहा। पाकिस्तान की तरफ़ से भड़काऊ भाषा भी सुनने को मिली — सरकार और सेना के वरिष्ठ नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर शान्ति वार्ता विफल हुई तो "खुली जंग" तक के विकल्प को टाला नहीं जा सकता। इन बयानों ने क्षेत्रीय चिंता बढ़ा दी है और साथ ही यह संकेत भी दिया कि पानी के मसले पर भी सैन्य और रणनीतिक विकल्पों पर बात हो रही है।

**पानी को 'हथियार' बनाना — क्या वैसा ही खतरा है जैसा दिखता है?**

पानी को भू-राजनीतिक साधन बनाना नया नहीं है। इतिहास और आधुनिक काल दोनों में नदी पर परियोजनाएँ, बांध और जलबटवारा अक्सर द्विपक्षीय तनाव की वजह बने हैं। अफगानिस्तान की स्थिति को अलग बनाती है उसकी रणनीतिक स्थिति: अगर कुनार पर डैम बनता है, तो पाकिस्तान के कुछ इलाकों में पानी की आवक का असर पड़ेगा — खासकर खैबर पख़्तूनख़्वा और आगे चलकर इंडस बेसिन पर। इसलिए पानी के बहाव को सीमित करने की क्षमता किसी-न-किसी हद तक कूटनीतिक बाध्यकारी शक्ति बन सकती है। पर हकीकत यह है कि पानी को पूरी तरह से "बंद" करना आसान नहीं होता — नदीयों में मौसमी और भू-भौतिक कारणों से बहाव होता रहता है। फिर भी, बड़े पनबिजली या जलाशय प्रोजेक्ट्स से सिंचाई और स्थानीय पानी की उपलब्धता पर महीनों-सालों का असर पड़ा सकता है। इसके अलावा, पानी का प्रभावीय उपयोग और आउटपुट, दोनों ही देशों की आर्थिकी और खासकर पश्चिमोत्तर पाकिस्तान की कृषि पर असर डाल सकते हैं। इसलिए पानी एक आर्थिक और राजनीतिक दबाव का स्रोत बन सकता है — खासकर तब जब सीमा पर तनाव चरम पर हो।

**पाकिस्तान पर तात्कालिक चुनौतियाँ — सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक**

पाकिस्तान के सामने एक समेकित चुनौतियों का सेट है:

सैन्य चुनौती: सीमा पर तालिबान-सशस्त्र इकाइयों के साथ सीधी लड़ाई में पाकिस्तान की सेना का संसाधन और मनोबल दोनों पर असर पड़ सकता है। पाकिस्तान की सेना ने भी तर्क दिया है कि अफगान धरती पर चलने वाले कुछ संगठन पाक पर हमले कर रहे हैं; अब पानी का मामला और सीमा टकराव मिल कर जटिल बन रहे हैं।

आर्थिक चुनौती: पानी के बहाव में कमी से कृषि उत्पादन और सिंचाई प्रभावित होंगे — जो कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा घटक हैं। यदि पाकिस्तान को लंबी अवधि तक पानी का पहुंच कम मिलता है, तो खाद्य सुरक्षा, किसानों की आमदनी और स्थानीय उद्योग प्रभावित होंगे — और इससे राजनीतिक असंतोष भी उभर सकता है।

राजनीतिक चुनौती: सीमा टकराव और पानी के मुद्दे ने राष्ट्रीय एकता और सरकार की वैधता पर दबाव बढ़ा दिया है। नागरिकों में असुरक्षा और सरकार पर आरोप कि वह सीमा प्रश्नों का ठीक तरीके से समाधान नहीं कर पा रही, यह सब घरेलू राजनीति में असर डालेगा। साथ ही यदि सेना-सियासत में अलग रायें हों तो समस्या और बढ़ेगी।

आन्तरिक सुरक्षा: पाकिस्तानी सीमा के पास बैठे आतंकवादी समूहों की सक्रियता से आंतरिक खतरों में इज़ाफ़ा हो सकता है — और पानी के तनाव के चलते ऐसे समूहों के गतिविधि-क्षेत्र और जज़्बात और बढ़ सकते हैं। इसमें सबसे खतरनाक पहलू यह है कि अगर शरणस्थल के आरोपों के चलते पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई करता है तो बदले में सीमा पार से और तेज़ी से हमले हो सकते हैं।

**तालिबान की रणनीति: क्या पानी पर निर्णय जानबूझ कर लिया गया?**

तालिबान ने कुनार पर डैम बनाने का आदेश तब दिया जब सीमा संघर्ष चरम पर था और कूटनीतिक वार्ताएँ भी चल रही थीं। इस कदम को कई तरह से पढ़ा जा सकता है: पहला, रिसोर्स-स्वायत्तता — अफगानिस्तान के पास ऊर्जा और सिंचाई की कमी है; घरेलू ज़रूरतें पूरी करने के लिए जल-उपयोग की परियोजनाएँ जरूरी हैं। तालिबान नेतृत्व इसे 'आंतरिक विकास' और 'सुरक्षा' के नारे में चला सकता है। दूसरा, संदेश-भेजना — यह कदम तालिबान की ओर से पाकिस्तान को एक पॉलिटिकल और आर्थिक संदेश भी है: कि अफगानिस्तान अब बड़े निर्णय ले सकता है और सीमाओं पर टिके रहने की कीमतें उठा सकता है। पानी का नियंत्रण एक तरह का लीवर है जिसे दबाकर दूसरी पार्टी को संदेश दिया जा सकता है। तीसरा, आज़ादी और बाहरी समर्थन का खेल — तालिबान का यह भी मानना हो सकता है कि वे बाहरी दबावों — जैसे किसी तीसरे देश के प्रोत्साहन या 'पल प्लेइंग' — से निर्भर नहीं रहना चाहते। पानी परियोजना उनके आंतरिक रणनीतिक लक्ष्यों को भी पूरा कर सकती है। हालाँकि, यह भी ध्यान रखना ज़रूरी है कि बड़े हाइड्रोलिक प्रोजेक्ट्स तकनीकी, आर्थिक और समय की माँग करते हैं — इन्हें चलाना कोई रातों-रात काम नहीं है। इसलिए यह कदम हालिया कूटनीतिक खिलाड़ियों को किनारे करके लिया गया 'प्रचार' भी हो सकता है — या एक अभियान का आरम्भ जो समय के साथ अपना आकार लेगा।

# "बेहतर नेतृत्व के लिए स्वयं को जानना ज़रूरी: आत्म-साक्षात्कार ही सच्चे नेतृत्व की बुनियाद"

## -भीतर की दुनिया को जानो, तभी बाहरी दुनिया का नेतृत्व करो

दुनिया में हर दौर में अच्छे नेतृत्व की आवश्यकता रही है। चाहे वह किसी राष्ट्र का शासन हो, किसी संगठन का प्रबंधन, या एक छोटे समूह का संचालन — नेतृत्व हर जगह सफलता की धुरी बनता है। लेकिन बहुत कम लोग यह समझ पाते हैं कि अच्छा नेतृत्व केवल दूसरों को दिशा देने या योजनाएँ बनाने से नहीं आता।

सच्चा नेतृत्व स्वयं को जानने से शुरू होता है। कई लोग यह मानते हैं कि एक लीडर को बाहरी दुनिया, परिस्थितियों और लोगों को समझना चाहिए, जबकि वास्तविकता यह है कि सबसे पहले उसे अपने भीतर की दुनिया को समझना चाहिए। जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं, उद्देश्यों और सीमाओं को पहचान लेता है, तभी वह दूसरों का सही मार्गदर्शन कर सकता है। यही प्रक्रिया आत्म-साक्षात्कार (Self-realization) कहलाती है — और यही बेहतर नेतृत्व की नींव है।


**आत्म-साक्षात्कार: नेतृत्व की आत्मा**

आत्म-साक्षात्कार कोई दार्शनिक या आध्यात्मिक अवधारणा भर नहीं है, बल्कि यह व्यावहारिक नेतृत्व का आवश्यक तत्व है। इसका अर्थ है — अपने असली स्वरूप को पहचानना, यह जानना कि हमें क्या प्रेरित करता है, क्या विचलित करता है, हमारी ताक़तें क्या हैं और कमज़ोरियाँ कहाँ हैं। एक आत्म-साक्षात्कार वाला नेता केवल पद या अधिकार से नहीं, बल्कि अपनी स्पष्टता, ईमानदारी और भावनात्मक संतुलन से दूसरों को प्रभावित करता है।

वह जानता है कि परिस्थितियों के अनुसार कैसे प्रतिक्रिया देनी है, किस समय बोलना है और कब मौन रहना है। इस आत्म-जागरूकता से उसमें वह आत्मविश्वास आता है जो अहंकार से नहीं, बल्कि समझदारी से जन्म लेता है।

**स्वयं को जानने का अर्थ**

'स्वयं को जानना' सुनने में सरल लगता है, लेकिन वास्तव में यह एक गहरी यात्रा है। स्वयं को जानना मतलब अपने विचारों की दिशा को समझना। आप किस सोच से प्रेरित होकर निर्णय लेते हैं? क्या आपके निर्णय तर्क पर आधारित हैं या भावनाओं पर? अपनी भावनाओं का निरीक्षण करना। गुस्सा, ईर्ष्या, भय, करुणा — ये सभी भावनाएँ आपके व्यवहार को प्रभावित करती हैं। यदि आप उन्हें पहचानते हैं, तभी आप उन्हें नियंत्रित कर सकते हैं। अपने मूल्यों और सिद्धांतों को जानना। आपके जीवन के 'नियम' क्या हैं? आप किन परिस्थितियों में समझौता करते हैं और किनमें नहीं? अपनी सीमाओं को स्वीकारना। हर व्यक्ति में कुछ कमियाँ होती हैं। उन्हें छिपाने के बजाय स्वीकार करने वाला ही प्रामाणिक नेता बनता है।



**आत्म-साक्षात्कार और आत्मविश्वास का रिश्ता**

कई बार लोग आत्म-साक्षात्कार को अहंकार समझ लेते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि आत्म-साक्षात्कार अहंकार को मिटाता है और सच्चा आत्मविश्वास जगाता है। अहंकार व्यक्ति को यह विश्वास दिलाता है कि वह सब जानता है। आत्म-साक्षात्कार व्यक्ति को यह एहसास कराता है कि सीखने के लिए हमेशा कुछ बाकी है। एक आत्म-साक्षात्कार वाला लीडर दूसरों को सुनता है, विचारों को स्वीकारता है और सही सलाह को अपनाने में संकोच नहीं करता। वह जानता है कि उसकी सफलता केवल उसकी नहीं, बल्कि पूरी टीम की होती है।

**आत्म-साक्षात्कार से उपजता है भावनात्मक संतुलन**

आज की कॉर्पोरेट दुनिया में इमोशनल इंटेलिजेंस (Emotional Intelligence) को लीडरशिप का सबसे बड़ा गुण माना जाता है। और इसका आधार है — आत्म-साक्षात्कार। जिस नेता को अपनी भावनाओं पर नियंत्रण होता है, वह किसी भी चुनौती में संयम बनाए रखता है। वह प्रतिक्रिया (reaction) नहीं करता, बल्कि उत्तर (response) देता है।

उदाहरण के लिए — यदि कोई टीम मेंबर गलती कर देता है, तो आत्म-जागरूक नेता तुरंत गुस्से में प्रतिक्रिया नहीं देता। वह परिस्थिति को समझकर, सुधार का रास्ता बताता है। इस तरह वह टीम में 'मानसिक सुरक्षा' (Psychological Safety) का माहौल बनाता है, जहाँ लोग खुलकर सोच सकें, बिना डर के अपने विचार रख सकें।

**सामर्थ्य और कमज़ोरियों की पहचान**

नेतृत्व का एक अहम पहलू है — अपनी क्षमताओं और सीमाओं की पहचान। कई बार लीडर अपनी ताक़तों का अधिक आकलन कर लेते हैं, जिससे घमंड पैदा होता है; और कभी-कभी वे खुद को कम आँकते हैं, जिससे असुरक्षा बढ़ती है। आत्म-साक्षात्कार इस संतुलन को बनाए रखता है। यह लीडर को यह समझने में मदद करता है कि किन कार्यों में उसे नेतृत्व करना चाहिए और किनमें दूसरों को आगे बढ़ाना चाहिए। वह अपनी टीम के सदस्यों को उनकी क्षमता के अनुसार अवसर देता है, जिससे सामूहिक विकास होता है।

**निर्णय लेने की क्षमता में सुधार**

आत्म-साक्षात्कार का सबसे व्यावहारिक लाभ यह है कि इससे निर्णय लेने की गुणवत्ता बढ़ती है। जब कोई व्यक्ति स्वयं को अच्छी तरह जानता है, तो उसके निर्णय बाहरी दबाव या भावनात्मक उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होते। वह हर "क्या" के पीछे छिपे "क्यों" को समझने की कोशिश करता है। ऐसे लीडर जल्दबाजी में नहीं, बल्कि विचारपूर्वक निर्णय लेते हैं। उनकी यह गहराई उन्हें टीम में भरोसेमंद और विवेकशील बनाती है।

आत्म-साक्षात्कार का दैनिक अभ्यास

आत्म-साक्षात्कार कोई एक बार में होने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह कोई स्थायी गुण नहीं, बल्कि दैनिक अनुशासन (Daily Discipline) है। इसके कुछ **सरल उपाय हैं — दिन का आत्म-विश्लेषण (Self-Reflection):** दिन के अंत में कुछ मिनट यह सोचें — आज आपने क्या अच्छा किया, कहाँ गलती हुई, और अगले दिन क्या बेहतर किया जा सकता है। मौन और ध्यान (Silence & Meditation): कुछ समय अपने भीतर के शोर को शांत करें। यह मौन आपको अपनी 'आंतरिक आवाज़' सुनने में मदद करता है। फीडबैक स्वीकार करना: दूसरों से मिले सुझाव या आलोचनाएँ आत्म-विकास का माध्यम हैं। इन्हें अपनाने से आत्म-जागरूकता बढ़ती है।

कृतज्ञता (Gratitude): जो कुछ आपके पास है, उसके लिए शुक्रगुज़ार रहना अहंकार को खत्म करता है और आपको ज़मीन से जोड़े रखता है।

**आत्म-साक्षात्कार और प्रामाणिक नेतृत्व (Authentic Leadership)**

आधुनिक नेतृत्व के सिद्धांतों में एक धारणा है — Authentic Leadership, यानी "प्रामाणिक नेतृत्व"। इसका मूल तत्व है — स्वयं के प्रति ईमानदारी। एक प्रामाणिक नेता: दिखावा नहीं करता, जो कहता है वही करता है।

# सियासी दलदल: वंशवाद की राजनीति में जकड़ा भारतीय लोकतंत्र

## -लोकतंत्र बचेगा, अगर नेतृत्व विरासत से नहीं संघर्ष से निकलेगा

भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में राजनीति को आम जनता की आवाज़, उनके हक़ और उनकी उम्मीदों का प्रतिबिंब कहा जाता है। संविधान ने हर नागरिक को समान अधिकार दिए हैं— किसी भी व्यक्ति को राजनीति में आने, जनता की सेवा करने और लोकतांत्रिक ढांचे में अपनी भूमिका निभाने की पूरी आज़ादी है। मगर जब राजनीति में "वंश" का वर्चस्व हावी हो जाता है, तो लोकतंत्र का असली अर्थ धीरे-धीरे खोने लगता है। यही स्थिति आज भारत की सियासत में सबसे बड़ी बीमारी बन चुकी है — वंशवाद। आज यह कोई दल-विशेष की समस्या नहीं रह गई, बल्कि पूरे देश के राजनीतिक ताने-बाने में यह गहराई तक समा चुकी है। कांग्रेस से लेकर भाजपा, समाजवादी पार्टी से लेकर शिवसेना, अकाली दल से लेकर तृणमूल कांग्रेस — कोई भी पार्टी इस दलदल से पूरी तरह अछूती नहीं है। हर जगह एक ही कहानी है: सत्ता की कुर्सी पर बैठे नेताओं के बेटे, बेटियाँ, भाई-भतीजे और रिश्तेदार, जो लोकतंत्र के अधिकार से ज़्यादा परिवारिक वसीयत के आधार पर आगे बढ़ रहे हैं।



**लोकतंत्र से वंशतंत्र की ओर**

भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक प्रयोग माना जाता है। मगर इसी लोकतंत्र के भीतर जब वंशवाद पनपता है, तो यह धीरे-धीरे एक "वंशतंत्र" में बदल जाता है। वंशवाद का मतलब सिर्फ इतना नहीं कि किसी नेता का बेटा या बेटी राजनीति में आ जाए; समस्या तब पैदा होती है जब योग्यता और जनसेवा की जगह पारिवारिक पहचान और वफादारी को तवज्जो दी जाती है। आज़ादी के शुरुआती दौर में राजनीति विचारधारा पर आधारित थी। नेता जनता के बीच से उठते थे — गांधी, नेहरू, पटेल, आंबेडकर, लोहिया, जयप्रकाश नारायण जैसे लोग अपने संघर्ष और सोच से जनता का विश्वास जीतते थे। लेकिन धीरे-धीरे राजनीति पेशेवर हो गई और "परिवार" उसका केंद्र बिंदु बन गया। आज स्थिति यह है कि किसी दल का टिकट पाने के लिए जनसेवा नहीं, बल्कि "कौन किसका बेटा या बेटी है" यह सवाल ज़्यादा अहम हो गया है।

**महाराष्ट्र: सत्ता की वसीयत का राज्य**

महाराष्ट्र का उदाहरण इस वंशवादी राजनीति को सबसे साफ़ तौर पर दिखाता है। राज्य में कुल 433 सांसद और विधायक हैं, जिनमें से 108 जनप्रतिनिधि यानी हर चौथा नेता किसी न किसी राजनीतिक परिवार से है। शिवसेना (उद्धव गुट) में ठाकरे परिवार का वर्चस्व जगज़ाहिर है। बालासाहेब ठाकरे से लेकर उद्धव ठाकरे और अब आदित्य ठाकरे तक तीन पीढ़ियां राजनीति में हैं। एनसीपी में शरद पवार परिवार के बिना राजनीति की कल्पना ही मुश्किल है। अब शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और भतीजे अजित पवार दो ध्रुव बन चुके हैं। कांग्रेस में पृथ्वीराज चव्हाण, अशोक चव्हाण और सुशील शिंदे जैसे परिवार दशकों से प्रभावशाली हैं। यहां तक कि भाजपा जैसे दल में भी पंकजा मुंडे (गोपीनाथ मुंडे की बेटी) या देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के परिवारिक रिश्तों का असर दिखता है। यह आंकड़े यह साबित करते हैं कि सत्ता का हस्तांतरण विचार या जनमत से ज़्यादा रिश्तेदारी की रेखा पर तय हो रहा है।

**बिहार: संघर्ष की धरती पर वंशवाद की जड़ें**

बिहार, जिसे कभी समाजवादी आंदोलन की धरती कहा जाता था, वहां भी वंशवाद गहराई तक जकड़ा हुआ है।

राज्य में 374 सांसदों और विधायकों में से 89 नेता ऐसे हैं जो किसी न किसी राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) में लालू प्रसाद यादव का परिवार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उनके बेटे तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव पार्टी के वारिस हैं, जबकि उनकी पत्नी राबड़ी देवी तीन बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। जेडीयू में भी अब नए चेहरों की कमी है। कांग्रेस और भाजपा में भी कई पुराने परिवारों का प्रभाव कायम है। यह विडंबना है कि जिस बिहार ने जयप्रकाश आंदोलन जैसी गैर-वंशवादी राजनीति की अलख जगाई थी, वही आज वंशवाद के घेरे में बंध गया है।

**उत्तर प्रदेश: सियासत की विरासत**

उत्तर प्रदेश भारतीय राजनीति का केंद्र है — यहां से दिल्ली की सत्ता का रास्ता निकलता है। लेकिन यह राज्य भी वंशवाद से अछूता नहीं है। समाजवादी पार्टी पूरी तरह मुलायम सिंह यादव के परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। अखिलेश यादव पार्टी के मुखिया हैं, जबकि उनके चाचा शिवपाल यादव, पत्नी डिंपल यादव, और भतीजे तेज प्रताप यादव सब सक्रिय राजनीति में हैं। कांग्रेस में गांधी-नेहरू परिवार की मौजूदगी अब भी पार्टी की पहचान बनी हुई है — सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा तक पार्टी सीमित रह गई है। बहुजन समाज पार्टी (BSP) भले ही परिवारिक पार्टी न हो, लेकिन वहां भी "एकल नेतृत्व" की जगह नई पीढ़ी के नेताओं के लिए गुंजाइश कम है। इस तरह यूपी की राजनीति "जनता की पार्टी" से "परिवार की पार्टी" बनने की राह पर बहुत पहले ही निकल चुकी है।

**दक्षिण भारत: वंशवाद की राजनीति का गढ़**

दक्षिण भारत में तो वंशवाद लगभग "सामान्य परंपरा" बन चुका है। तमिलनाडु में डीएमके करुणानिधि परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। एम.के. स्टालिन, उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन अब सरकार चला रहे हैं। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव (KCR) की पार्टी BRS अब उनके बेटे के.टी. रामाराव और बेटी कविता के हाथों में है। आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी अपने पिता वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की विरासत संभाले हुए हैं। कर्नाटक में देवगौड़ा परिवार — एच.डी. देवेगौड़ा, उनके बेटे कुमारस्वामी और पोते निखिल कुमारस्वामी तक फैला है। यह स्थिति दिखाती है कि दक्षिण से उत्तर तक राजनीति एक ही दिशा में बह रही है — परिवार की पकड़ से बाहर निकलने की कोई कोशिश नहीं।

**राष्ट्रीय स्तर पर तस्वीर**

केंद्र की राजनीति में भी वंशवाद का चेहरा साफ़ दिखाई देता है। कांग्रेस पार्टी तो दशकों से गांधी-नेहरू परिवार की पार्टी के रूप में जानी जाती है। दूसरी ओर, भाजपा ने हमेशा "वंशवाद मुक्त राजनीति" का नारा दिया, मगर ज़मीनी हकीकत में वहां भी कई नेताओं के परिवार सक्रिय हैं — राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह, वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह, अनुराग ठाकुर (पूर्व मंत्री प्रेम कुमार धूमल के बेटे), ज्योतिरादित्य सिंधिया (माधवराव सिंधिया के बेटे) आदि। यह सब दर्शाता है कि चाहे विचारधारा दक्षिणपंथी हो या वामपंथी, सत्ता का स्वाद पीढ़ी दर पीढ़ी परिवारों के भीतर ही घूम रहा है।

**लोकतंत्र पर असर**

वंशवाद का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि यह योग्यता, मेहनत और ईमानदार राजनीति को पीछे धकेल देता है। पार्टी में योग्य कार्यकर्ता आगे नहीं बढ़ पाते, क्योंकि टिकट और पद पहले से तय रहते हैं।

# भजनलाल शर्मा ने कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट की सेक्टोरल राउंडटेबल में की शिरकत

## -राजस्थान की औद्योगिक क्षमताओं से प्रवासियों और निवेशकों को कराया रूबरू, निवेश के लिए किया आमंत्रित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कोलकाता में प्रवासी राजस्थानी मीट के दौरान माइंस और मिनरल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल एवं होजरी, आईटी और शेखावाटी हवेली पर केंद्रित सेक्टोरल राउंडटेबल की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान के तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य के बारे में उद्यमियों, निवेशकों और प्रवासी राजस्थानियों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। शर्मा ने माइंस एंड मिनरल्स सेक्टोरल राउंड टेबल में चर्चा करते हुए कहा कि ग्रेनाइट और संगमरमर के प्रचुर भंडार के साथ-साथ राजस्थान जस्ता, सीसा और चूना पत्थर का अग्रणी उत्पादक राज्य भी है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों और निवेशकों को खनिज प्रसंस्करण, डाउनस्ट्रीम उद्योगों और सस्टेनेबल माइनिंग में अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। शर्मा ने राजस्थान खनिज नीति-2024, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति-2024 (रिप्स-2024) और राजनिवेश सिंगल-विंडो प्रणाली जैसी नीतियों की जानकारी भी दी जिनके माध्यम से इन सेक्टर्स में प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो पा रहा है।

**आत्मनिर्भरता की यात्रा में रेयर अर्थ एलिमेंट्स का भंडार महत्वपूर्ण पड़ाव—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बालोतरा के सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में महत्वपूर्ण रेयर अर्थ एलिमेंट्स (आरईई) के भंडार की खोज के साथ प्रदेश औद्योगिक विकास के एक नए युग की शुरुआत करने जा रहा है। यह भारत का पहला हार्ड रॉक आरईई ब्लॉक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह खोज आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यहां मिलने वाले 17 खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों और उच्च तकनीक निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस संसाधनों का दोहन करने के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप एक एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की योजना भी बना रही है।

**प्रदेश में केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल उद्योगों के बढ़ रहे अवसर—**

मुख्यमंत्री ने केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल उद्योगों की बढ़ती संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए राजस्थान का दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और दिल्ली-एनसीआर से मजबूत




कनेक्टिविटी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ऐसे नए अवसर पैदा करना है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही इसकी विरासत को संरक्षित करें और सतत विकास को बढ़ावा भी दें। उन्होंने कहा कि बालोतरा में शुरू होने जा रही पेट्रोलियम रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से राज्य एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने बताया कि एचपीसीएल, वेदांता, हिंदुस्तान जिंक, चंबल फर्टिलाइजर्स और दीपक नाइट्राइट जैसी अग्रणी कम्पनियां प्रदेश में काम कर रही हैं और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिला है।

**राजस्थान बन रहा देश का अग्रणी आईटी हब—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान मजबूत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और नीतियों के साथ एक अग्रणी आईटी केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर और जोधपुर में भारत का सबसे बड़ा सरकारी डेटा सेंटर संचालित है, जो राजस्वान नेटवर्क और ई-मित्र प्लेटफॉर्म के माध्यम से 600 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराता है। आईस्टार्ट के तहत 4,900 से अधिक स्टार्टअप और टेक्नो हब जैसी सुविधाओं के साथ प्रदेश का इनोवेटिव इकोसिस्टम लगातार विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सेंटर फॉर एडवांस टेक्नोलॉजी (आर-कैट), दिग्गज ग्लोबल टेक कम्पनियों के साथ साझेदारी कर राज्य सरकार युवाओं के स्किल डवलपमेंट पर कार्य कर रही है। वहीं, आईआईटी जोधपुर और आईआईएम उदयपुर जैसे प्रमुख संस्थान प्रतिभाओं को नए अवसर प्रदान भी कर रहे हैं।

# जनगणना-2027 के पूर्व परीक्षण की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन

## - पहली बार देश में होगी डिजिटल जनगणना

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सांख्यिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा ने कहा कि देश में पहली बार डिजिटल जनगणना होने जा रही है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य डिजिटल जनगणना—2027 को प्रदेश में समर्पित भाव से क्रियान्वित किया जाए जिससे कि शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण नतीजे प्राप्त हो सकें। देथा मंगलवार को प्रस्तावित जनगणना-2027 के राज्य के तीन क्षेत्रों में प्रथम चरण के पूर्व परीक्षण की तैयारियों की शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे थे। प्रदेश में यह पूर्व परीक्षण तीन क्षेत्रों-जयपुर नगर निगम हैरिटेज के किशनपोल जोन, नगर परिषद बाड़मेर एवं तहसील बाड़मेर और डूंगरपुर के तहसील गलियाकोट में 10 नवंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा। देथा ने कहा कि जनगणना के कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए योग्य कार्मिकों एवं अधिकारियों का चयन कर जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया जाए। उन्होंने बताया कि पूर्व परीक्षण की प्रक्रिया के अन्तर्गत आमजन के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर स्व-गणना का विकल्प आगामी



1 नवम्बर से 7 नवम्बर तक रहेगा। स्व -गणना के अंतर्गत आमजन 34 प्रकार के प्रश्नों के जवाब देकर अपना ब्यौरा दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि स्व गणना के लिए आमजन को जागरूक किया जाए ताकि वे सही जानकारी प्रदान कर इस प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर सकें। बैठक में जनगणना कार्य निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक ने बताया कि जनगणना-2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण में अप्रैल, 2026 से सितम्बर, 2026 के मध्य मकानों के सूचीकरण तथा मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि देश के बर्फ से ढ़के क्षेत्रों में सितम्बर-अक्टूबर-2026 में तथा शेष सम्पूर्ण भारत में फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या की गणना होगी।

**डिजिटल तरीके से आयोजित होगी जनगणना—**

मल्लिक ने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान HLO मोबाइल ऐप, सेल्फ एम्यूनरेशन (स्व गणना) वेब पोर्टल, डिजिटल मैपिंग उपकरणों का प्रयोग किया जाएगा जिससे डेटा का शुद्धता के साथ बेहतर एवं सुरक्षित संग्रहण हो सकें। उन्होंने सेन्सस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी। जिसके माध्यम से प्रगणक एवं पर्यवेक्षक डेटा की सम्पूर्ण निगरानी कर सकें। बैठक में वीसी के माध्यम से बाड़मेर एवं डूंगरपुर जिला कलेक्टर तथा जयपुर नगर निगम हेरिटेज के सम्बंधित अधिकारी शामिल रहे।

### गोपाष्टमी पर प्रदेश की सभी पात्र गौशालाओं में मनाया जाए महोत्सव- गोपालन मंत्री

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विभागीय प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी गोपाष्टमी महोत्सव को प्रदेशभर की सभी पात्र गौशालाओं में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक आयोजित किया जाए। उन्होंने इस अवसर पर गौसेवा, गौपूजन, तथा गौ संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने के निर्देश दिए। गोपालन मंत्री गोपाष्टमी के अवसर पर कोटा जिले की गोशाला में महोत्सव में भाग लेंगे।

कुमावत ने कहा कि गोपाष्टमी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो गौसेवा और गौसंवर्धन के प्रति जनजागरण का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर गौसेवा, गौपूजन, गौग्रास वितरण एवं स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए ताकि आमजन में गौसंरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और सहभागिता बढ़े। पशुपालन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं गौशालाओं के संचालकों के साथ समन्वय कर महोत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी पर्व पर गायों की सेवा करना हमारे सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग है और इस अवसर पर गायों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# स्लीपर बस में करंट दौड़ा — बाप-बेटी की मौत

## -छह मजदूर झुलसे, तीन गैस सिलेंडर फटे, बस जलकर कबाड़ में तब्दील

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टोडी में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। ईंट भट्टे पर मजदूरों को लेकर जा रही स्लीपर बस हाई टेंशन तारों की चपेट में आ गई। अचानक बस में करंट दौड़ गया, जिससे बस में सवार बाप-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। करंट लगने के तुरंत बाद बस में आग लग गई और उसमें रखे तीन गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाके के साथ फट गए। धमाकों से पूरी बस जलकर कबाड़ में तब्दील हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि बस के आसपास खड़े लोग भी सहम गए।

**मची तबाही :-**

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत से करीब 77 मजदूरों का दल स्लीपर बस में सवार होकर मनोहरपुर क्षेत्र के टोडी गांव स्थित ईंट भट्टे पर मजदूरी करने आ रहा था। ईंट भट्टे से लगभग 300 मीटर पहले बस की छत पर बंधी मोटरसाइकिल अचानक ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी हाई टेंशन लाइन से टकरा गई। टकराते ही करंट पूरे बस में दौड़



गया और वायर टूटकर बस पर गिर गए। कुछ ही क्षणों में बस में आग भड़क उठी। अफरा-तफरी मच गई — मजदूर जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद पड़े। कई लोग बस से निकल नहीं पाए, जिससे दर्दनाक हादसा हो गया।

**प्रशासन और पुलिस में हड़कंप:-**

घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। संभागीय आयुक्त पूनम, जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, जयपुर ग्रामीण एसपी राशि डोगरा डूडी, आरटीओ जयपुर धर्मेंद्र चौधरी, शाहपुरा डीटीओ यशपाल सिंह यादव, एसडीएम संजीव कुमार खेदड़, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, डीएसपी मुकेश चौधरी, तहसीलदार नीलम राज और थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। आग पर काबू पाने के लिए चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं, जिन्होंने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया।

**घायलों का उपचार जारी:-**

हादसे में झुलसे छह मजदूरों को तुरंत मनोहरपुर सीएचसी से एम्बुलेंस द्वारा जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**गांव में मातम, जांच के आदेश:-**

इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। टोडी गांव सहित आसपास के इलाके में मातम पसरा हुआ है। जिला प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं।

# राज्यपाल ने सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं, अपितु अर्जित ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग का शुभारंभ है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। बागडे मंगलवार शाम को उदयपुर जिले के भटेवर में स्थित सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय के 12वे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल बागडे ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी पद पर रहें अथवा कोई भी काम करें तो लोक कल्याण की भावना को सदैव आगे रखें। ज्ञान का कभी अहंकार नहीं पालें। बागडे ने युवाओं को समय प्रबंधन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन के अनुसार उम्र के पहले 25 वर्ष अध्ययन करते हुए समय को योग्य और समर्पित नागरिक बनाने के है, उसका सदुपयोग करें। समय किसी दुकान पर नहीं मिलता, इसलिए उसका प्रबंधन करना सीखें। राज्यपाल बागडे ने भारतीय संसद के प्रथम अध्यक्ष जी वी मावलंकर से जुड़ा प्रेरक प्रसंग




सुनाते हुए विद्यार्थियों को अन्न की बर्बादी रोकने की भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हर कार्य में नियोजन का बड़ा महत्व है। थाली का नियोजन भी उसी का हिस्सा है। यदि हम कितना खा पाएंगे, उसका अंदाज लगाए बिना थाली भर लें और बाद में वह भोजन व्यर्थ हो तो यह ठीक नहीं है।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि वर्ष 2047 तक आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। इसमें युवाओं की बड़ी भूमिका है। उन्होंने सभी से इस संकल्प को साकार करने में योगदान का आह्वान किया। राज्यपाल बागडे ने भारतीय ज्ञान कोष को उल्लेख करते हुए युवाओं से उसके बारे में जानने और शोध करने के लिए भी प्रेरित किया।

राज्यपाल बागडे ने मेवाड़ के शौर्य और बलिदान से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र सेवा के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। समारोह में राज्यपाल बागड़े की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के 321 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच सेड्रिक डीसूजा, उद्योगपति मनोज सिंघल तथा टीवी अदाकारा अर्चना पूरनसिंह को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी गुड़ापली श्रीहरि को कुलाधिपति पदक से नवाजा गया। वहीं तीन अन्य विद्यार्थियों को कुलपति पदक से सम्मानित किया गया।

# मनोहरपुर पुलिस की बड़ी सफलता: बकरी चोरी का फरार शातिर आरोपी श्रवण उर्फ जहरिया गिरफ्तार



मनोहरपूर(रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर थाना पुलिस ने बकरी चोरी के मामले में फरार चल रहे शातिर अपराधी श्रवण उर्फ जहरिया मीणा को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर अपराध दर्ज हैं, जिनमें डकैती, बलात्कार, आर्म्स एक्ट और हत्या जैसे प्रकरण शामिल हैं। एसपी जयपुर ग्रामीण श्रीमती राशी डोगरा डूडी (IPS) ने बताया कि 14 सितंबर 2025 की रात मनोहरपुर थाना क्षेत्र के सुराणा गांव में बकरी चोरी की वारदात हुई थी। परिवादी रघुवीर सिंह पुत्र मूल सिंह रावणा राजपूत ने रिपोर्ट में बताया कि रात करीब 2:30 बजे घर के बाड़े से उसकी दो बकरियां और गांव के ही गोपाल सरावता पुत्र भागीरथ की दो बकरियां अज्ञात चोर पिकअप गाड़ी में भरकर ले गए।

सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज किया और जांच के दौरान पहले ही दो आरोपी — सायर उर्फ सायरा और सज्जन को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सफेद पिकअप वाहन जब्त कर लिया था, साथ ही चारों चोरी की बकरियों को सुरक्षित बरामद किया गया था।

जांच में सामने आया कि वारदात में तीसरा आरोपी श्रवण उर्फ जहरिया पुत्र फुलाराम मीणा (उम्र 52 वर्ष, निवासी ढाणी पलासोली, तन सांवलपुरा शेखावतान, थाना अजीतगढ़, जिला सीकर) भी शामिल था, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था।

**टीम ने की तकनीकी और आसूचना आधारित कार्रवाई:-**

एएसपी शाहपुरा डॉ. तेजपाल सिंह, सीओ शाहपुरा मुकेश चौधरी और थानाधिकारी मनोहरपुर भगवान सहाय (पुलिस निरीक्षक) के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी का ठिकाना पता लगाया और उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चोरी में शामिल होने की बात कबूल की है।

मनोहरपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है और उससे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम जय राम (सउनि) रामचन्द्र (कानि,आशीष कुमार (कानि,यादराम, मनोहरपुर पुलिस की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई की ग्रामीणों में सराहना हो रही है। थानाधिकारी भगवान सहाय के नेतृत्व में टीम ने जिस पेशेवर दक्षता और तत्परता से काम किया, उसने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। एक बार फिर मनोहरपुर पुलिस ने साबित किया अपराध चाहे कितना भी पुराना या शातिर क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बचना नामुमकिन है।

# सात बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-05 नगर निगम, यातायात पुलिस के साथ सामूहिक अभियान के तहत गोपालपुरा बाईपास को महेष नगर से कनेक्ट करने वाली 60 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 में पूर्व में ध्वस्त निजी खातेदारी करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर पुनः नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-08 में सरकारी भूमि पर बने पुराने अत्यधिक जर्जर, अनुपयोगी कियोस्कों के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस, राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-05 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोपालपुरा बाईपास को महेष नगर से कनेक्ट करने वाली 60 रोड़ सीमा पर दोनो तरफ 02 कि.मी. एरिया तक करीब 125 स्थानों पर स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण कर अत्यधिक लम्बाई में बनाये गये चबूतरें, सीढ़ियां, रैम्प, लगाये गये थडियां, ठेलें, बांस-तम्बू, तिरपाल, टीनषेड़, होर्डिंग, साईन बोर्ड इत्यादि लगाकर किये गये अतिक्रमणों को यातायात पुलिस व नगर निगम ग्रेटर के साथ सामूहिक अभियान के तहत स्थानीय पुलिस थाना महेष नगर के जाप्ते के सहयोग से उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में मंगलवार को जोन-05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। नगर निगम जाप्तें के द्वारा सामान जप्त किया गया।



जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़, ग्राम बस्सी, रीको के पास, जिला जयपुर में बसाई जा रही नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्व में 21 अगस्त 2025 को ध्वस्त किया गया था। उक्त निजी खातेदारी करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर खसरा नं. 970 गैर मुमकिन नाले की सरकारी भूमि के आंषिक भाग को सम्मिलित करते हुये “वेयर हाउस” के नाम से पुनः बनाई गई ग्रेवल सड़के, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर श्रीमान् उप महानिरीक्षक राहुल कोटोकी के निर्देषन में मंगलवार को दिनांक 28.10.2025 को जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से प्रारिम्भक स्तर पर ही पुनः ध्वस्त कर गैर मुमकिन नाले की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन 08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित षिकारपुरा रोड़, तहसील सांगानेर मोक्षधाम के पास सरकारी भूमि पर बने पुराने अत्यधिक जर्जर, हो रहे 24 अनुपयोगी कियोस्कों को जोन 08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, 13, 08 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 318 आज तक कुल 701 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनियाँ बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

# मुख्य सचिव ने ली जल संसाधन विभाग की बैठक

## -राम जल सेतु लिंक परियोजना एवं विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियाँ भू-जल उपलब्धता के विपरीत हैं, जबकि राज्य की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है। ऐसे में यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि किसान को सिंचाई और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में 100 करोड़ से अधिक लागत की 23 विभागीय परियोजनाओं एवं राम जल सेतु लिंक परियोजना से सम्बन्धित 7 कार्यों की प्रगति के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राम जल सेतु परियोजना राज्य सरकार की फ्लैगशिप परियोजना है। जिससे राज्य के 17 जिले लाभान्वित हो रहे है। इसके मद्देनजर परियोजना के सभी कार्यों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चत किया जाना आवश्यक है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए वर्तमान में प्रचलित सॉफ्टवेयर टूल्स का उपयोग कर योजनावार PERT-CPM तैयार किया जाए। जिससे कार्यों की प्रगति की वास्तविक स्थिति तुरंत पता चल सके। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों को समानांतर रूप से संचालित किया जा सकता है



उन्हें एक साथ किया जाए ताकि संसाधनों और समय की बचत हो सके। निर्माण कार्यों में निविदा प्रक्रिया से लेकर कार्य संपादन समयसीमा को तर्कसंगत बनाया जाये ताकि योजनाओं का लाभ आमजन को त्वरित गति से प्राप्त हो सके। पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य की फील्ड विजिट नियमित रूप से की जाए, जिससे योजनाओं की जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष मूल्यांकन हो सके। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर निगरानी और फॉलो-अप की मजबूत प्रणाली विकसित की जाए जिससे अनावश्यक देरी को रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रगतिरत परियोजनाओं की निरंतर मॉनिटरिंग के लिए एक समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (PMU) गठित कर उच्च स्तर पर समीक्षा की जाये। इस यूनिट में तकनीकी विशेषज्ञ, अभियंता और डेटा विश्लेषक शामिल किए जाएँ ताकि परियोजनाओं की पारदर्शिता बढ़ सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की रैंडम चेकिंग की जाए तथा उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता का वैज्ञानिक परीक्षण नियमित रूप से कराया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार द्वारा वन भूमि प्रत्यावर्तन, भूमि अवाप्ति, विद्त कनेक्शन, हाई-वे क्रॉसिंग व अन्य स्वीकृतियों के कारण कार्य के संपादन में होने वाले विलम्ब के दृष्टिगत अर्न्तविभागीयमुद्दों के निराकरण पर बल दिया गया। इस क्रम में मुख्य सचिव महोदय द्वारा ऐसी परियोजनाओं व मुद्दों को चिन्हित कर सचिव स्तर की बैठक में समाधान किये जाने का सुझाव दिया तथा उल्लेख किया कि आवश्यकता होने पर उनके स्वयं की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाए।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | | **पानी के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हेरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# इनरव्हील क्लब बारां ने हर्षोल्लास से मनाया दीपावली मिलन समारोह



बारां (रॉयल पत्रिका)। इनरव्हील क्लब बारां द्वारा दीपावली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा नीतु गुप्ता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली का त्यौहार प्रेम, प्रकाश और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने पारंपरिक परिधानों में एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मनोरंजक गेम्स, शब्द प्रतियोगिताएं और आकर्षक गिफ्ट्स की बरसात ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ा दी। सभी ने संगीत, नृत्य और मस्ती के साथ इस मिलन समारोह का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन रोचक अंदाज़ में किया गया, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। कार्यक्रम जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया के सानिध्य में आयोजित हुआ। दीपावली मिलन समारोह की संयोजिका बिंदु मारू, चारु गुप्ता व चंदा ठाकुरिया ने दिवाली स्पेशल गेम खिलाए, जिसमें शुभ लाभ गेम में मंजू बंसल ने प्रथम स्थान, प्रेरणा शर्मा द्वितीय स्थान व किरण जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शुभ दीपावली गेम में प्रथम स्थान सुलेखा जैन, द्वितीय स्थान किरण जैन व तृतीय स्थान दिव्या जैन ने प्राप्त किया। चाय व नाश्ते के साथ दीपावली स्पेशल हाऊजी का भी सभी ने आनंद लिया। क्लब मेम्बर शिल्पा अग्रवाल द्वारा किट्टी हॉल का डेकोरेशन करके व दीपक की लो से पूरे प्रोग्राम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर मृदुला मारू, राजश्री, त्रिशला जैन, शीला गोयल, इंद्रा गालव, अंजू मारू, अनीता सेठी, सुधा गोयनका, आराधना ओझा, इंद्रा गालव, प्रेरणा शर्मा, ललिता टोंगिया, चंद्रकला सेठी उपस्थित रही।

# विधानसभा अन्ता चुनाव प्रभारी अशोक चांदना ने की प्रेस वार्ता

## -सोरसन, पलायथा में किया मतदाताओं से जनसम्पर्क



बारां (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधानसभा उप चुनाव अन्ता के लिए अशोक चांदना विधायक को चुनाव प्रभारी तथा सी.एल.प्रेमी विधायक केशोरायपाटन एवं चेतन पटेल विधायक पीपल्दा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। आज इनके द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने बताया कि एक निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के संबोधित करते हुए अन्ता विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं हिण्डोली विधायक अशोक चांदना ने कहा कि राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार के बीते 2 साल के कार्यकाल में राजस्थान में अपराधी सारी सीमाएं तोड़ गए। आमजन अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधों का ग्राफ लगातार बढता जा रहा है। यहां के मुख्यमंत्री पर्ची से चल रहे हैं। मंत्री दो-दो साल में अपने निजी सहायक तक नहीं लगा पाए क्योंकि ऊपर से पर्ची नहीं मिली है। बीते दो सालों में भाजपा ने राजस्थान प्रदेशवासियों को पर्ची के हवाले छोड़ दिया। भाजपा ने प्रदेश को कुशासन दिया है। अशोक चांदना ने भाजपा सरकार को किसानों को ठगने वाली बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा दो साल से किसानों को ठग रही है। उन्होनें कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में झालावाड़ जिले में एक स्कूल भवन के गिरने से 7 बच्चों की अकाल दर्दनाक मौत हो गई उसके बावजूद सरकार ने बच्चों के परिजनों को उचित आर्थिक संबल नहीं दिया। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासन के दौरान अन्ता विधानसभा क्षेत्र सहित बारां जिले में करवाए गए विकास कार्य गिनाए। प्रेसवार्ता में उप चुनाव सह प्रभारी एवं केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी, पीपल्दा विधायक चेतन पटेल, पीसीसी सचिव धर्मराज मेहरा, कांग्रेस जिला संगठन महामंत्री कैलाश जैन आदि उपस्थित रहे। चांदना ने किया सोरसन एवं पलायथा में जनसम्पर्क:- अशोक चांदना द्वारा कांग्रेसजनों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के पक्ष में मंगलवार को सोरसन एवं पलायथा गांवों में जाकर जनसम्पर्क किया।

# राजस्थान के सौर ऊर्जा का सिरमौर बनने में सवाई माधोपुर बना सहभागी

## -पीएम-कुसुम योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम
## -250 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय मिलेगी सौर ऊर्जा आधारित बिजली

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी ऊर्जा नीति के अनुरूप राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सिरमौर राज्य बन चुका है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन ने नई ऊँचाइयाँ छू ली हैं, जिसमें सवाई माधोपुर जिला भी इस राष्ट्रीय ऊर्जा क्रांति का सशक्त सहभागी है। जिले के बौंली उपखण्ड स्थित कोलाड़ा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में हाल ही में 1.82 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। यह राज्य का 956वां सौर संयंत्र है, जिससे सवाई माधोपुर जिले की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजस्थान ने पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट-सी के अन्तर्गत अब तक 2,000 मेगावाट क्षमता से अधिक के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। योजना के कंपोनेंट-ए में राजस्थान देश में प्रथम स्थान तथा कंपोनेंट-सी में महाराष्ट्र एवं गुजरात के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसी क्रम में, सवाई माधोपुर सर्किल के रामसिंहपुरा 33/11 केवी सब-स्टेशन क्षेत्र में 1.12 मेगावाट क्षमता का विकेन्द्रित सौर संयंत्र भी प्रारंभ किया गया है, कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा में 2.94 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से लगभग 250 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय सौर ऊर्जा आधारित बिजली उपलब्ध होगी। सवाई माधोपुर जिले में पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट ए एवं सी दोनों घटकों में सराहनीय प्रगति हो रही है। सभी संयंत्रों की स्थापना उपरांत किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी एवं कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में कुसुम योजना कंपोनेंट-ए के तहत अब तक कुल 3 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र चालू हैं, जबकि अतिरिक्त 3.67 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों पर कार्य प्रगति पर है। जिले के सारसोप में 1.42 मेगावाट एवं कोलाड़ा में 2.25 मेगावाट उत्पादन क्षमता के संयंत्रों का स्थापना कार्य अंतिम चरण में है। किसानों के लिए लाभ का नया सूर्योदय प्रधानमंत्री कुसुम योजना ने देश भर में किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस योजना से किसान अब बिजली व डीजल निर्भरता से मुक्त होकर सौर ऊर्जा का उपभोग कर दिन के समय सिंचाई कर रहे हैं। इससे न केवल उत्पादन लागत में कमी आई है, बल्कि अतिरिक्त आय का मार्ग भी खुला है। ऊर्जा विभाग एवं विद्त वितरण निगमों द्वारा इस योजना को जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य की उत्कृष्ट प्रगति को देखते हुए कंपोनेंट-ए में वर्ष 2024-25 के लिए 397 मेगावाट और वर्ष 2025-26 के लिए 5000 मेगावाट क्षमता का अतिरिक्त आवंटन दिया है। वहीं कंपोनेंट-सी के लिए दोनों वर्षों में 2 लाख सोलर पंपों की अतिरिक्त क्षमता स्वीकृत की गई है। अब तक केंद्र सरकार राजस्थान को कंपोनेंट-ए में 5500 मेगावाट तथा कंपोनेंट-सी में 4 लाख सोलर पंपों का लक्ष्य आवंटित कर चुकी है।



**कृषि एवं घरेलू विद्त् कनेक्शनों को नई गति-**

राज्य सरकार ने कृषि कनेक्शन नीति-2017 में संशोधन कर यह प्रावधान किया है कि पीएम-कुसुम योजना के तहत स्थापित सौर संयंत्रों से जुड़े फीडरों पर प्राथमिकता के आधार पर तुरंत कृषि कनेक्शन जारी किए जाएंगे। इस निर्णय से सवाई माधोपुर जिले में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जिले में 1,590 कृषि कनेक्शन लंबित हैं तथा 480 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। नई नीति के तहत इन आवेदनों के शीघ्र स्वीकृत होने से किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराना संभव होगा। दीपावली से पूर्व बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए चलाया विशेष अभियान के दौरान 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मात्र 20 दिन में सवाई माधोपुर में 501 घरेलू कनेक्शन जारी किए गए। राजस्थान और सवाई माधोपुर जैसे जिले इस राष्ट्रीय उपलब्धि में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। जिले के कोलाड़ा, रामसिंहपुरा, बोली, मित्रपुरा और बोरखेड़ा जैसे क्षेत्रों में स्थापित विकेन्द्रित सौर संयंत्र न केवल किसानों को दिन में बिजली दे रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और ग्रामीण समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का सघन जनसंपर्क लगातार जारी



बारां (रॉयल पत्रिका)। अंता मांगरोल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन का सघन जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है बारिश के मोसम मे भी भीगते हुए प्रत्याशियों ने घर घर सम्पर्क कर आम जनता से आशीर्वाद मांगा सोमवार को भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन मांगरोल देहात मंडल के मोतीपुरा की झोपड़ियां, भगवानपुरा, बोहत, पाडलिया, गोपालपुरा, भटवाड़ा, सिंघानिया, जेतलहेडी,झाड़वा सुंडी, गुदरावनी, पगारा, ईश्वरपुरा, सिंघोला, नंदगांवडी, पुराना मुंड़िया, नया मुंडिया, जड़ावदिया, महलपुर, भोरडी, मऊ, रेनगढ़, रींझीया, जारेला, बालुन्दा, टापरा, जनकपुरा एवं काशीपुरा मे घर घर पहुँचकर जन आशीर्वाद मांगा वही ग्रामवासीयों व युवाओं, माताओ बहिनो बुजुर्गो ने भरपूर आशीर्वाद देकर माला दुपट्टा साफाबन्दी कर स्वागत सत्कार दिया। इस दोरान विधायक राधेश्याम बैरवा, अंता पालिका चेयरमेन रामेश्वर खंडेलवाल, पूर्व उप प्रधान जगदीश सिंह, भाजपा नेता मुकेश केरवालिया, दिलीप मीणा, योगेश राजोरा, मंडल अध्यक्ष महेंद्र मीणा, पीरूलाल सुमन, जितेंद्र सिंह, हेमन्त मीणा रजपाली, रामराज सुमन, मनोहर सिंह हाड़ाँ सहित कार्यकर्ता, पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे।

# मेहंदी रचाकर दिया जागरूकता का संदेश




बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीइओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में अंता विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं मतदान केंद्रों पर स्वीप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप सहप्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि सोमवार 27 अक्टूबर को ग्राम पंचायत एवं मतदान केंद्रों पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विभाग के ऑनलाइन एप्लीकेशन केवाईसी एवं सी विजिल ऐप की जानकारी दी गई। साथ ही संकल्प पत्र भरवाते हुए उपचुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प कराया गया। स्किल राजस्थान केंद्र अंता एवं महाविद्यालयों में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक मेहंदी में निर्वाचन के ऑनलाइन ऐप को दर्शाया तथा 11 नवंबर नोट करें निर्भय होकर वोट करें, जैसे जागरूकता संबंधी नारों के साथ आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सीबीईओ ममता चौधरी, ईएलसी प्रभारी डॉ तनु राजपाल, सुरभि खंडेलवाल, रामचरण मीणा सहित स्वीप दल के सदस्यों का सहयोग रहा।

# एडीआर सेन्टर में रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मीटिंग का हुआ आयोजन




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में लीगल सर्विसेज यूनिट फोर चिल्ड्रन एवं लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय के सदस्यों को प्रशिक्षित करने हेतु मंगलवार को एडीआर सेन्टर, जिला न्यायालय परिसर सवाई माधोपुर में रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित यूनिट के सदस्यगण को नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 का उद्देश्य, बच्चों से संबंधित अपराधों के संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने, आपराधिक न्याय प्रक्रिया में बच्चों के लिए कानूनी सहायता, बच्चों के संबंध में विभिन्न सरकारी विभागों के साथ सम्पर्क स्थापित कर बच्चों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों तक पहुंचाना, बच्चों की सुरक्षा हेतु किए जा सकने वाले प्रयासों तथा नालसा (मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं) योजना 2024 के तहत मानसिक बीमारी एवं बौद्धिक असक्षता वाले व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों, उन्हें सभी प्रकार के सिविल, प्रशासनिक, आपराधिक एवं अन्य मामलों में कानूनी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के लिए किये जा सकने वाले प्रयासों आदि के संबंध में जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षित किया गया। चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल राधेश्याम जोगी एवं डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने उपस्थित सदस्यगण को कारागृहों में निरूद्ध मानसिक रूप से बीमार एवं बौंद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को प्राप्त कानूनी सेवाएं, विधि से संघर्षरत बालकों को विधिक सेवाएं, बालकों के संबंध में संवैधानिक प्रावधान, देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को विधिक सेवाएं, गुमशुदा बच्चों के माता-पिता को सहायता प्रदान करने में विधिक सेवा प्राधिकरणों की भूमिका, बालकों के संबंध में बाल कल्याण समिति द्वारा की जाने वाली कार्यवाही एवं बाल अधिकारों के क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से उनके प्रभावी पुर्नवास, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों के साथ मीटिंग का आयोजन कर उनके कार्यव्यवहार एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी के संबंध में विचार-विमर्श कर उन्हें नालसा एवं रालसा योजनाओं, पोश एक्ट, राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत, मध्यस्थता कानूनों, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, साइबर अपराधों की रोकथाम, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना, हिट एण्ड रन योजना आदि विषयों के संबंध में अधिकाधिक आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये।

# अतिवृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार

## -मुख्यमंत्री को लिखा पत्र- डॉ. सुमित गर्ग




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कांग्रेस महासचिव व प्रवक्ता डॉ. सुमित गर्ग ने राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर राज्य मैं गत दिनों हुई अतिवृष्टि एवं अब पुनः हुई बेमौसम वर्षा से किसानों को अत्यंत गंभीर क्षति पहुँची है। अनेक किसान की मेहनत से उगाई गई खरीफ की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं तथा आगामी रबी फसलों की बुवाई भी संकट में पड़ गई है।

**डॉ. गर्ग ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया-**

बाजरा फसलः लगभग 50% फसल अतिवृष्टि में नष्ट हो गई थी और शेष फसल अब बेमौसम बारिश से पूरी तरह खराब हो चुकी है। बाजरे का चारा 100% नष्ट होने से पशुओं के चारे का गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। खरीफ की कोई भी फसल नहीं बचने के कारण आगामी महीनों में पशुपालकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। धान की फसलः लगभग 20% फसल अतिवृष्टि से नष्ट हुई थी और शेष में भी उत्पादन 50% से अधिक नहीं रहा। अब दोबारा हुई वर्षा से खेतों एवं मंडियों में रखा धान खराब हो गया है, जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। सब्जियाँ (मिर्च, टमाटर, गोभी, बैंगन): ये फसलें दो-दो बार तैयार होकर अतिवृष्टि की वजह से पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। हाईब्रिड बीजों की कीमत ₹50,000 से ₹90,000 प्रति किलोग्राम तक रही, जिनकी भारी कालाबाज़ारी के बीच किसानों ने इन्हें बोया, परंतु भारी नुकसान के कारण अब खेत खाली पड़े हैं। फलों के बगीचों में फूल आने के समय हुई अतिवृष्टि से फल की मात्रा आधी रह गई। महीनों तक खेतों में जलभराव रहने से शेष पेड़ों में कीट एवं बीमारियाँ फैल गई, जिससे पूरे बगीचे बर्बाद हो गए। रबी फसल (मुख्यतः गेहूँ): हाल ही में बुवाई प्रारंभ हुई थी, किंतु बेमौसम वर्षा से पिछले 5-7 दिनों में बोई गई फसल खराब होने की पूरी संभावना है। इससे किसानों की आगामी आय का स्रोत भी प्रभावित हो गया है। राज्य के सभी प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वे कराया जाए। प्रत्येक पीड़ित किसान को शीघ्रातिशीघ्र उचित मुआवजा राशि दी जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि निर्धारित समय सीमा में मुआवजा वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करें।

# अर्जुन करीरा बने प्रदेश उपाध्यक्ष



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी में चौमूं तहसील की ग्राम पंचायत जैतपुरा के निवासी अर्जुन करीरा को को महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यादव को उपाध्यक्ष पद मिलने पर यादव समाज के बंधु आसपास के सभी ग्रामीणों ने लड् बताकर खुशी जाहिर की। और प्रदेश अध्यक्ष यादव का समाज के लोगों व ग्रामीणों ने आभार जताया।

# बारां के आदिल रजा ने रचा इतिहास

## -बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में रहे प्रथम



बारां (रॉयल पत्रिका)। बारां के आदिल रजा ने इतिहास रच दिया। बारां डिस्ट्रिक्ट बॉडी बिल्डिंग सचिव उमेश अग्रवाल ने बताया कि 26 अक्टूबर को लाखेरी में आयोजित मिस्टर हाड़ौती बॉडी बिल्डिंग कॉम्पिटिशन में बारां के आदिल रजा ने बारां कोटा बूंदी झालावाड़ से आए सौ से अधिक प्रतिभागियों में खिताब जीता। दूसरे स्थान पर लाखेरी के केके मीणा रहे।

# सैयद तोकिर हसन चिश्ती के उर्स-ए-मुबारक पर रफ़ीक मंडेलिया ने चादर चढ़ाई



**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित सैनिक बस्ती दरगाह तोकिरूल हसन चिस्ती के सालाना दो दिवसीय उर्स मुबारक पर रविवार से दरगाह में गुसल व शाम को नातखानी का आयोजन सोमवार सुबह मोहल्ला तेलियान से मदीना मस्जिद, ईदगाह सैयदना होते हुए गलेफ लेकर अकिदतमंद चादर लेकर दरगाह पहुंचे। इस दौरान राजस्थान के मशहूर कवालों ने अपनी शानदार कवालियों की प्रस्तुती दी और दरगाह शरिफ में जिले व प्रदेश से आने वाले जायरिनों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। सैय्यद तोकिर हसन की मजारे शरीफ़ पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व युवा नेता इरशाद मंडेलिया ने चादर चढाकर देश व प्रदेश में शांति, खुशहाली व भाईचारे की दुवाएं की। इस अवसर पर सैय्यद अली शाह, नजीर खां ओलाई, कमरूदीन गौरी, इनायत खां मोयल, ताजु खान, मोहम्मद इस्माईल, सलीम सर्वा, शरीफ़ खान मोयल, इलियास चायल, आमीन खां दिलारखानी व दरगाह कमेटी के सदस्यों ने आये हुए जायरिनों का इस्तकबाल किया। इस अवसर पर चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांधू, धर्मेन्द्र बुडानिया, आदूराम न्यौल, जमील चौहान, नारायण बालाण, शाहरूख खान, आरिफ रिसालदार, शिवकुमार शर्मा, हर्ष लाम्बा, डॉ. प्यारेलाल दानोदिया, तोफिक खान, संजय भाटी, विमल शर्मा, आबिद जाबासरिया, शाहिद खान आदि मौजुद रहें। कुल की रश्म के साथ ही उर्स का आयोजन सम्पन्न हुआ।

# पुलिस पर्यवेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



बारां (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अंता विधानसभा उपचुनाव की निगरानी के लिए नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक गगनदीप गंभीर ने मंगलवार को मांगरोल, बम्बोरीकला व मऊ स्थित संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही अंतर्राज्यीय मार्ग पर स्थापित बॉर्डर नाका, चैक पोस्ट पालेश्वर महादेव पार्वती नदी की पुलिया व किशनगंज के कलापट्टा का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मांगरोल थानाधिकारी विनोद, किशनगंज थानाधिकारी रमेशचंद मेरोटा व लाइजनिंग अधिकारी साथ रहे।

# गोपाष्टमी महोत्सव की तैयारी शुरु

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। गोविंदगढ़ पंचायत समिति के ग्राम स्याऊ कृष्ण गोपाल गौशाला 30 अक्टूबर को होने वाले 32 वे गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर गौशाला समिति के अध्यक्ष सांवरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में समिति और गौ सेवकों की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में इस महोत्सव को लेकर गो सेवकों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर रघुवर दयाल पारीक, बाबूलाल जांगिड़, रामाअवतार मालपानी, सायर सिंह, सहित गौशाला के सचिन रघुवीर सिंह एवं रिटायर कृषि पर्यवेक्षक रणवीर सिंह ने बताया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में सांसद घनश्याम तिवाड़ी होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चौमूं क्षेत्रीय के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा करेंगे । इस कार्यक्रम को लेकर सचिव रघुवीर सिंह ने बताया कि जगह-जगह जाकर इनका पर जोर-शोर से प्रचार किया जा रहा है ज्यादा से ज्यादा संख्या पधार कर गोपाष्टमी महोत्सव को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में बताने का आहान किया है।

# केंद्रीय दल ने किया निरीक्षण जल शक्ति अभियान कैच दे रेन जल जीवन मिशन'



अजमेर (रॉयल पत्रिका)। अजमेर जिले में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं जैसे मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ग्रहण घटक एवं पर ड्रॉप मोर क्रॉप तथा हर घर नल जल योजना जल जीवन मिशन की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए 23 से 25 अक्टूबर 2025 तक भारत सरकार द्वारा केंद्रीय नोडल अधिकारी निर्देशक ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार राज प्रिया सिंह एवं अरुणा सैनी तकनीकी सहायक केंद्रीय भूजल बोर्ड जयपुर ने पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण किशनगढ़ अराई एवं भिनाय में हो रहे विकास कायोर्ं का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। ज्ञात हो उक्त केंद्रीय दल द्वारा 23 से 26 मई 2025 तक प्री मानसून में अजमेर जिले के दौरे के दौरान जल शक्ति अभियान कैच दे रेन जल संचय जन भागीदारी अंतर्गत विभिन्न केंद्र वित्त पोषित परियोजनाओं में उक्त पंचायत समितियां में ग्राम वासियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया था तथा मौके पर जाकर प्रगति का आकलन भी किया गया था जिसकी रिपोर्ट भारत सरकार को दी गई जिसमें अजमेर जिले में केंद्र वित्त पोषित परियोजना की भौतिक प्रगति पर संतोष जनक टिप्पणी की गई थी। भारत सरकार द्वारा मानसून पश्चात भी उक्त केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में किए गए भौतिक कायोर्ं का लाभ आम जनता तक पहुंचे इसके लिए भारत सरकार द्वारा निरीक्षण दल का गठन किया गया है। केंद्रीय नोडल अधिकारी राजवीर सिंह ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेशक द्वारा पंचायत समिति अराई में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जल ग्रहण घटक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवपुरी में जल ग्रहण विभाग द्वारा बनाए गए पक्के चेक डैम का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। वर्षा काल के दौरान पक्के चेक डैम में संग्रहित जल का उपयोग पशु पेयजल एवं भूजल स्तर को बढ़ाने में कारगर साबित हो रहा है तथा कृषि भूमि पर बनाए गए फार्म पौंड जो लबालब भरे थे उसका उपयोग संबंधित कृषक रबी की फसल में सिंचाई में करेगा तथा उत्पादन के साथ-साथ आए के स्रोत बढ़ाने में सहायक होगा। पंचायत समिति अराई के विकास अधिकारी शिवदान सिंह द्वारा मनरेगा योजना में भवानी सागर तालाब का जीणोद्धार कार्य दिखाया गया जिसमें कुछ कार्य और अधिक मात्र में कराए जाने के निर्देश केंद्रीय दल द्वारा दिए गए।

# जिला कलक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वदेशी मेला स्थल का किया निरीक्षण



चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं जनप्रतिनिधियों ने आज शहीद मेजर नटवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चित्तौड़गढ़ स्थित मेला स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किए जाएं, ताकि महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व संपूर्ण व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सकें।

**मेला परिसर की व्यवस्थाओं की समीक्षा-**

जिला कलक्टर ने मेला परिसर में स्टॉल निर्माण, मंच व्यवस्था, विद्त, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन जैसी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए।

**आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा महोत्सव- जिला कलक्टर**

जिला कलक्टर ने कहा कि "राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर इसे सफल बनाएं।" निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू-अभिलेख) रामचंद्र खटीक, नगर परिषद प्रशासक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद मल्होत्रा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल, रतन लाल गाडरी, रघु शर्मा, श्रवण सिंह, अनिल सिसोदिया, सुधीर जैन, गौरव त्यागी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## -विकास के हर कदम पर जनता की भागीदारी जरूरी- वासुदेव देवनानी



अजमेर (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इन कार्यों में सीसी सड़क, नाला एवं सामुदायिक भवन निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। इनसे स्थानीय नागरिकों को बरसात, पेयजल और आवागमन से जुड़ी परेशानियों से स्थायी राहत मिलेगी।

**सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ-**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें वार्ड संख्या 03 के न्यू गीता कॉलोनी, आर.के.पूरम और विनायक विहार क्षेत्रों में कुल 92.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य होंगे। इसके अंतर्गत न्यू गीता कॉलोनी की गली संख्या 2 व 3 में 22.55 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। साथ ही आर.के. पूरम की मुख्य सड़क एवं विभिन्न गलियों में 49 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़कें बनेंगी। इसी क्रम में विनायक विहार में 21 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण किया जाएगा। देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर की सड़क कनेक्टिविटी लगातार बेहतर हो रही है। इसके लिए सैकड़ों करोड़ की लागत से अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया गया है। इन सड़कों से आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर मोहल्ले और कॉलोनी तक पक्की सड़कें पहुंचे। इसके लिए लगभग संपूर्ण क्षेत्र में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है। देवनानी द्वारा ग्राम बोराज स्थित रावत नगर में विधायक कोष 2025-26 के अंतर्गत 16.70 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा । सामुदायिक भवन एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह भवन स्थानीय निवासियों के लिए विवाह समारोह, सभा, प्रशिक्षण शिविर एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

# सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक हुई आयोजित

बूंदी (रॉयल पत्रिका)। सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्तद जिला कलक्टेर रामकिशोर मीणा की अध्य(क्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्तै जिला कलक्टकर ने निर्देश दिए कि अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्तय हुई सड़कों के पेच वर्क का कार्य प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जावें। उन्होंरने निर्देश दिए कि वाहनों की गति को धीमा रखने के लिए परिवहन विभाग के तय मानकों की पालना करवाई जावें। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्नन प्रयासों पर भी विस्ता्र से चर्चा की गई। उन्होंदने कहा कि यातायात नियमों की पूर्ण पालना की जावें, इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जावें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जावे। व्वसायिक वाहनों में आवश्याक रूप से स्पीड गवर्निंग सेंसर लगवाए जाएं। दुपहिया वाहनों पर हेलमेट का इस्ते माल किया जावें। सड़कों पर ब्लैाक स्पॉट को चिह्नित करके दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यपक उपाए किए जावें। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्तान, जिला परिवहन अधिकारी सौम्यो शर्मा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शिव कुमार आदि मौजूद रहें।

# गंगानगर स्थापना दिवस- केसरिया बालम और राजस्थानी लोक संस्कृति की प्रस्तुतियों ने जमाया रंग

## -गंग महोत्सव के तहत सूरतगढ़ में आयोजित समापन समारोह में लोक कलाकारों और सूफी नाइट ने मन मोहा




श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। गंगानगर स्थापना दिवस-2025 पर तीन दिवसीय गंग महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को सूरतगढ़ में आयोजित कार्यक्रम "शाम रेत के धोरों पर" ने खूब रंग जमाया। रेतीले टिब्बों पर रेगिस्तान के जहाज ऊंट सहित घोड़ों के नृत्य व अन्य करतब देख आमजन मन्त्रमुग्ध रह गए। समापन समारोह में राजस्थानी नृत्य, लोक कलाकारों और सूफी नाइट की प्रस्तुतियों ने भी सबका मन मोह लिया। हनुमान जी खेजड़ी धाम के पास धोरों पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में कैमल डांस एवं सफारी, चारपाई पर नाचते ऊंट व घोड़ी के अनोखे नृत्यों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मश्क वादन दल के कलाकार, कच्छी घोड़ी दल के कलाकार तथा पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे रौबीले कलाकारों ने आंगुतकों का स्वागत किया। इसके बाद राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या शुरू हुई। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भवई, चरी नृत्य की प्रस्तुति के बाद लोक कलाकारों ने केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश, तेरी मिट्टी में मिल जावा, म्हारो लहरिया रे, कालो कूद पड्यो मेला में सहित अन्य राजस्थानी प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। राजस्थानी लोक सांस्कृतिक संध्या के बाद सूफी नाइट ने भी खूब मनोरंजन किया। ग़ज़ल गायक अब्दुल हाफ़िज़ की चुपके-चुपके रात दिन आसूं बहाना याद है, चाँदी जैसा रंग है तेरा और सूफी गायक फिदा हुसैन की नित खैर मंगा तेरी दुआ ना होर मंगदी, अंखिया उडीक दिया दिल वाजा मारदा की प्रस्तुतियों पर आमजन झूम उठे। कार्यक्रम में रावला मंडी श्रीगंगानगर के कलाकारों ने मश्क, ढोल और मंजीरे बजाते हुए प्रस्तुति दी जबकि निवाई टोंक के कलाकारों द्वारा कच्छी घोड़ी नृत्य और स्वागत को खूब सराहा गया। बालोतरा-बाड़मेर के कलाकारों ने गैर नृत्य और बीकानेर के रौबीले कलाकारों ने राजस्थानी पोशाक में खूब रंग जमाया। चित्तौड़गढ़ से आए कलाकारों ने बहरूपिया रूप धरकर बच्चों का मनोरंजन किया जबकि जोधपुर के कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य और बीकानेर के चुरकला नृत्य को महिलाओं ने खूब पसंद किया। फायर और चरी नृत्य के साथ-साथ जयपुर से आए कलाकारों ने कृष्ण रास और फूलों की होली खेलते हुए समारोह को आकर्षक बना दिया।

# राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव-2025 की तैयारियाँ तेज़




चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विज़न को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के रूप में राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव-2025 का आयोजन चित्तौड़गढ़ में होने जा रहा है। जिले में इस प्रकार का यह पहला आयोजन है। शनिवार को जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में औद्योगिक इकाइयों, सामाजिक संगठनों एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गयी। महोत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2025 तक शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान, चित्तौड़गढ़ में किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों, पारंपरिक कलाओं और भारतीय संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्व-सहायता समूहों को राष्ट्रीय मंच मिल सके। बैठक में जिला कलक्टर ने आयोजन स्थल पर स्टॉल आवंटन, पेयजल, विद्त, स्वच्छता, सुरक्षा और पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने और नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। जिला कलक्टर ने कहा कि "यह महोत्सव केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि स्वदेशी और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, जिसमें स्वदेशी भावना, लोक संस्कृति और आत्मनिर्भरता एक सूत्र में गुंथी हुई हैं।" जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि महोत्सव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे।महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से 300 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें प्राकृतिक एवं जैविक खाद्य उत्पाद, अन्न, औषधीय वस्तुएँ, खादी वस्त्र, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, जूट-ऊन उत्पाद, कलात्मक फर्नीचर तथा 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत विशेष प्रदर्शनी शामिल होंगी। 'पंच गौरव' प्रदर्शनी महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगी, जिसमें सीताफल (चित्तौड़ ऑर्गेनिक ब्रांड) सहित जिले के गौरव उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# विभागीय समन्वय बैठक आयोजित जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण

## -फ्लैगशिप योजनाओं में बढ़ाए प्रगति- जिला कलक्टर



अजमेर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों के निस्तारण, राज्य एवं केंद्र सरकार के विभिन्न पोर्टलों पर दर्ज प्रकरणों तथा फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने विभागवार औसत निस्तारण समय की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित परिवादों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल एवं पर प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 30 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। लोकबंधु ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय एवं भारत सरकार के पोर्टलों से प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 दिवस से अधिक पुराने मामलों को तुरंत निस्तारित कर अद्यतन स्थिति पोर्टलों पर दर्ज करें। जिला कलक्टर ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी विभागीय योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर उपलब्धि दर्ज कराए। उन्होंने विद्त विभाग के अधिकारियों को कुसुम योजना के अंतर्गत सभी तीन घटकों में लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को लाड़ो प्रोत्साहन योजना में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फार्म पॉन्ड निर्माण, तारणबंदी, तथा कृषि यंत्र एवं उपकरण वितरण जैसी योजनाओं की प्रगति को लक्ष्यानुसार बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत भवन निर्माण एवं अन्य संरचनाओं की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही यूडीआईडी कार्ड के लिए दिव्यांगजनों के सत्यापन एवं लाभ वितरण के लिए कार्ययोजना बनाकर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने विधायक एवं सांसद कोष से स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की रैंकिंग में अजमेर जिला अग्रणी बने, इसके लिए सभी अधिकारी पूरी निष्ठा, उत्तरदायित्व एवं समन्वय के साथ कार्य करें। सभी योजनाओं की अद्यतन प्रगति नियमित रूप से पोर्टलों पर अपलोड की जाए। लोकबंधु ने राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की दिशा में विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय के साथ अधिकाधिक परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने क्रिएटेड टास्क की नियमित समीक्षा करने एवं टाइमलाइन से पहले आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के निर्देश भी दिए।

# आकर्षक पोस्टर में उकेरा जागरूकता का संदेश



शब्बीर हुसैन

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) रोहिताश्व सिंह तोमर एवं सीइओ व नोडल अधिकारी स्वीप राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन मेंअंता विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ोतरी हेतु स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के समस्त शैक्षिक संस्थानों में पोस्टर मेकिंग व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वही अंता के राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने मतदान के संकल्प के साथ विद्यार्थियों से स्वयं मतदान करने एवं अपने परिवार एवं परिचित जन से प्रचार प्रसार करने की बात कही, इस दौरान स्वीप सहप्रभारी अमित भार्गव ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जन को लोकतंत्र के पर्व में मतदान द्वारा अपना योगदान सुनिश्चित करने की बात कही , साथ ही नव मतदाताओं को अपना नाम घर बैठे वोटर हेल्पलाइन एप या निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल के तहत मतदाता सूची में पंजीयन करने, एवं सीबीजील ऐप द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर 100 मिनट के अंदर समाधान प्राप्त करने के बारे में बताया एवं केवाईसी ऐप द्वारा अपने क्षेत्र से चुनाव उम्मीदवारों की जानकारी प्राप्त करने के बारे में समझाया गया, इस दौरान विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भरवाए गए। पोस्टर के साथ मानव श्रृंखला बनाकर दिया जागरूकता का संदेश, कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर में निर्वाचन के ऑनलाइन एप्लीकेशन वोटर हेल्पलाइन, सीविजील व सक्षम ऐप तथा मतदान केंद्र को दर्शाते हुए तथा 11 नवंबर नोट करें निर्भय होकर वोट करें ,जैसे जागरूकता संबंधी नारों के साथ आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीबीईओ बृजमोहन वर्मा, ममता चौधरी, ईएलसी प्रभारी डॉ. तनु राजपाल, तरुण डागल, चेतन शर्मा, रामचरण मीणा, स्वीप सदस्य,स्टाफ सदस्य तथा ई एल सी सदस्य मौजूद रहे ।


# फ्लैगशिप योजना में प्रगति लाने के निर्देश

## -साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित




डूंगरपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने समस्त विभागाध्यक्षों को फ्लैगशिप योजनाओं के अंतर्गत डाटा अपडेशन करने, क्रास चेकिंग करने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश उन्होंने सोमवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग फ्लैगशिप योजनाओं सहित अपने विभाग के अंतर्गत होने वाले कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति अपने स्तर पर समीक्षा करें तथा कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने बैठक में पीएचईडी विभाग द्वारा पेयजल वितरण, हैंड पंप खुदाई, ट्यूबवेल खुदाई की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को नॉन पेचेबल सड़कों की स्थिति कितने कार्य शुरू हुए कितने शेष हैं उसके पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में एवीएनएल अधिकारी ने ट्रांसफार्मर बदलने, विद्त कनेक्शन, कृषि कनेक्शन जारी करने की जानकारी दी। शिक्षा विभाग अधिकारी ने जर्जर भवन मिड डे मील, कृषि विभाग से फसल कटाई, खाद उपलब्धता, लैंप्स पर वित्तीय उपलब्धता, जल संसाधन विभाग द्वारा बजट घोषणाओं के वर्क आर्डर, बांधों की समीक्षा, क्षतिग्रस्त बांधों की रिपोर्ट, उद्योग विभाग द्वारा जल संरक्षण एमजेएसए 2.1 एवं 2.2 में हुए कार्य, सहकारिता विभाग के अभियान की प्रगति विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा का निर्देश दिए। और इसके साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण, एवरेज डिस्पोजल टाइम आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश प्रदान किए। बैठक में सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्वअ अधिकारियों की बैठक हुई सम्पदन्न



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रे ट सभागार में जिला कलक्टपर अक्षय गोदारा की अध्यंक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्ट र ने निर्देश दिए कि बरसात से फसलों को हुए नुकसान का आंकलन कर सुचना भिजवाई जाएं। उन्होंने संपरिवर्तन के प्रकरणों की उपखंडवार समीक्षा की तथा लंबित प्रकरणों का तेजी से निस्तारिण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति की भूमि पर अवैध हस्तोंतरण के मामलों का निपटारा किया जाएं। पत्थएर गढी के प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। सभी उपखंड अधिकारी व तहसीलदारों द्वारा नियमित रूप से रात्रि चौपाल, जन सुनवाई आयोजित की जावें। उन्हों।ने निर्देश दिए कि एसडीआरएफ नोर्म्सा के तहत स्वीकृत हुए मरम्मसत कार्यों में गुणवत्ताघ का विशेष ध्योन रखा जावें। सभी उपखंड अधिकारी व तहसीलदार नियमित रूप से मौके पर जाकर मरम्मुत कार्यों का स्वंयं निरीक्षण करें और इसकी साप्ताीहिक रिपोर्ट बनाकर दें। आपदा राहत कोष से प्राप्तत होने वाली सहायता राशि से कोई भी प्रभावित व्यतक्ति वंचित नहीं रहे। ग्रामीण सेवा शिविरों में अर्जित की गई प्रगति को आवश्येक रूप से पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि भू-राजस्व व मांग वसूली, इजराय पालना, गैर खातेदारी से खातेदारी, भूमि परिवर्तन, फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसमें विशेष प्रयासों के माध्य।म से प्रगति लाई जावें।



नागिन 7 का प्रोमो आते ही

# इन 2 एक्ट्रेसेज के फैंस के बीच छिड़ी जंग

## सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

एकता कपूर के पॉपुलर सुपरनैचुरल शो नागिन 7 का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसने इंटरनेट पर एक नई जंग छेड़ दी है. जिसकी वजह है लीड एक्ट्रेस का किरदार. एकता कपूर के पॉपुलर सुपरनैचुरल शो नागिन 7 का प्रोमो रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त हंगामा मच गया है. इस हंगामे की वजह है लीड एक्ट्रेस के रोल के लिए दो बड़ी टीवी एक्ट्रेसेस के नाम का सामने आना... प्रियंका चाहर चौधरी और ईशा मालवीय.

क्योंकि नागिन फ्रैंचाइजी में हर बार एक नई नागिन होती है, इसलिए फैंस यह जानने को बेताब हैं कि इस बार किसे यह आइकॉनिक रोल मिलेगा. इसी एक्साइटमेंट में, दोनों एक्ट्रेसेस के फैंस के बीच सोशल मीडिया पर एक तरह की जंग छिड़ गई है. उड़ारियां और बिग बॉस जैसे शोज से घर-घर में पहचान बनाने वाली प्रियंका चाहर चौधरी और ईशा मालवीय दोनों ही इस रोल के लिए मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं. एकता कपूर के शो में विलेन बन तहलका मचा देंगी ये 6 हसीनाएं, नागिन प्रियंका को देंगी कांटे की टक्कर

बिग बॉस 16 के बाद प्रियंका की पॉपुलैरिटी आसमान छू गई है. उनके फैंस का मानना है कि उनका अट्रैक्टिव नेचर और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस उन्हें महा-नागिन के रोल के लिए परफेक्ट बनाता है. कई फैंस उन्हें नागिन के रूप में देखने के लिए सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जंग छिड़ गई है. उड़ारियां और बिग बॉस 18 की पॉपुलरिटी के बाद ईशा के फैंस भी उन्हें नागिन के रूप में देखने के लिए एक्साइटेड हैं. सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने तर्क दिया है कि ईशा के पास नेगेटिव शेड्स निभाने की क्षमता है और वह नागिन के प्रतिशोध से भरे किरदार को बेहतर ढंग से निभा सकती हैं. कई लोगों ने यह भी कहा कि ईशा, प्रियंका से बेहतर विकल्प हैं.



### एकता कपूर ने बढ़ाया सस्पेंस

हालांकि, इस पूरे मामले के बीच, एकता कपूर ने प्रोमो में नागिन का चेहरा रिवील न करके सस्पेंस को और बढ़ा दिया है. एकता कपूर ने इससे पहले भी नागिन 7 एक प्रोमो रिलीज किया था, जिसमें ड्रैगन और नागिन सामने सामने दिखे, तो इतना तो साफ है, कि इस बार नागिन का सामना ड्रैगन से है, लेकिन मेकर्स ने अभी तक लीड एक्ट्रेस का चेहरा रिवील नहीं किया है.

### उड़ारियां कनेक्शन

दिलचस्प बात यह है कि दोनों एक्ट्रेसेस ने कलर्स के ही शो उड़ारियां में ऑन-स्क्रीन बहनों (तेजो और जैस्मिन) का रोल निभाया था. इसलिए कुछ फैंस ने मजाक में यह भी कहा कि नागिन 7 में ये दो बहनें अब एक-दूसरे को डसेंगी.



# अब मैं पूरी तरह मम्मी बन गई हूं

- मां बनने के बाद परिणिती चोपड़ा ने किया मजेदार पोस्ट; फैंस की निकली हंसी

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी जिंदगी के सबसे खूबसूरत फेज में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने पति और आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा के साथ बेटे का स्वागत किया है। 19 अक्टूबर को दोनों के घर किलकारियां गूंजीं और अब परिणीति ने सोशल मीडिया पर मां बनने के बाद पहली बार रिएक्ट किया है। मां बनने के बाद परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बेहद फनी रिएक्शन शेयर किया, जिसने फैंस को खूब हंसाया। उन्होंने आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना अपना' का एक सीन पोस्ट किया, जिसमें आमिर पहले जोर-जोर से हंसते हैं और फिर अचानक रोने लगते हैं। वीडियो के आखिर में एक डायलॉग सुनाई देता है- खत्म, टाटा बाय-बाय। परिणीति ने इसी क्लिप पर लिखा- जब एहसास हुआ कि अब मैं पूरी तरह मम्मी बन चुकी हूं और सिर्फ प्रेग्नेंट नहीं हूं। इसके साथ उन्होंने दो हंसते हुए इमोजी भी लगाए।

कुछ दिन पहले परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारा नोट भी शेयर किया था, जिसमें उन्होंने सभी फैन्स, दोस्तों और शुभचिंतकों का धन्यवाद किया। उन्होंने लिखा था कि, हम हर एक संदेश पढ़ रहे हैं और आपके प्यार से बहुत खुश हैं। सबका आशीर्वाद हमारे लिए अमूल्य है।

माइक्रोसॉफ्ट छोड़कर

# एक्टिंग का रुख करनेवाली कुब्रा को याद आए अपने पुराने दिन



**एक्ट्रेस** कुब्रा सैत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने स्ब्ह्ष्ह्न्थह्यश्द्धह्ल जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था।कुब्रा ने कुछ थ्रोबैक तस्वीरें साझा करते हुए लिखाः सन 2009ः मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह। कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है। कुब्रा सैत की यह पोस्ट अपनी सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ दर्शकों के दिलों को इस कदर छू गई है कि वे उनके मुरीद बन गए हैं। साथ ही कभी नए सफर की शुरुआत का प्रतीक रही वह पुरानी तस्वीर अब उनकी उपलब्धियों और साहस की गवाह बन चुकी है। सच कहें तो अपनी बोल्ड चॉइसेज़ और असली अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनमें नरमी भी है, और यही उनकी असली ताकत है।



# नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

बोलीं– कम उम्र में अजीब पोज देने को कहा जाता था, कंप्रोमाइज के लिए डायरेक्टर्स कॉल करते थे

**एक्ट्रेस** नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो। थोड़ा सेक्सी पोज दो।' नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे।

# धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम



**पॉपुलर** इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए।

### राजकुमार राव ने दीं भावुक शुभकामनाएं

भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है।

### वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे भुवन बाम

भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है। इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे। 22 जनवरी 1994 को जन्में भुवन बाम ने साल 2015 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। वो टीटू मामा, बबलू, बनछोड़दास, अदरक बाबा, मिस्टर होला, पापा मकीचू जैसे किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए थे। वो छोटे से कमरे में अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते थे।

इमरान हाशमी-यामी गौतम की

# हक से सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू




**बॉलीवुड** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है।सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। वह 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था। फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानोः भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है। खासकर इमरान हाशमी और यामी गौतम ने बहुत अच्छी एक्टिंग की है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# सलमान खान को पाकिस्तान ने आतंकवादी घोषित किया



**बॉलीवुड** स्टार सलमान खान को पाकिस्तान ने आतंकवादी घोषित किया है। पाकिस्तान सरकार का फैसला सलमान के उस बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने बलूचिस्तान को अलग मुल्क बताया था। वहीं, अभिनेता सलमान खान को पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित किए जाने पर मंत्री योगेश रामदास कदम ने कहा कि सलमान खान न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में एक प्रसिद्ध और सम्मानित हस्ती हैं। उनके घर में भगवान गणेश की पूजा भारतीय परंपरा के अनुसार की जाती है।दरअसल, यह पाकिस्तान का अपना ही मजाक उड़ाना है। यह सब विशुद्ध रूप से राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पाक सरकार ने एक्टर सलमान खान को आतंकवाद-रोधी अधिनियम (1997) की चौथी अनुसूची में रखा है। इस सूची में उन लोगों को रखा जाता है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। चौथी सूची में शामिल होने का मतलब यह है कि अब सलमान खान की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। यहां तक कि उनकी पाकिस्तान यात्रा पर भी प्रतिबंध लग सकता है और उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है। दरअसल, यह फैसला सलमान खान के रियाद में हुए जॉय फोरम 2025 में दिए बयान के बाद आया है। शाहरुख खान और आमिर खान के साथ शामिल हुए सलमान ने इस दौरान बलूचिस्तान को अलग मुल्क बताया था। सलमान के इस बयान से पाकिस्तान को मिर्ची लग गई है। इससे पहले एक्टर सलमान खान ने अभिनेता सतीश शाह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सलमान खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी और सतीश शाह की एक पुरानी फिल्म की तस्वीर पोस्ट की।

तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैं आपको 15 साल की उम्र से जानता था, आपने अपनी जिंदगी शानदार तरीके से जी, आपकी आत्मा को शांति मिले। सतीश जी, आपकी कमी खलेगी। बता दें कि सलमान खान को पहले भी कई बार धमकी मिल चुकी है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया था कि उनकी हिट लिस्ट में सलमान खान भी थे। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े शूटर्स मुंबई में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर कई बार रेकी कर चुके थे। हालांकि, कड़ी सुरक्षा की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहे और सलमान पर हमला करने की उनकी योजना विफल रही। - साभार



# सलमान के बचाव में आईं राखी सावंत

## अभिनव कश्यप पर लगाए इल्जाम; कहा- भाई के खिलाफ बोलने के लिए मिले होंगे पैसे

हाल ही में अभिनव कश्यप ने सलमान खान पर कई इल्जाम लगाए थे। उन्होंने आमिर खान और शाहरुख खान की भी आलोचना की थी। अभिनेत्री राखी सावंत अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। वह सलमान खान की समर्थक मानी जाती हैं। हाल ही में निर्देशक अभिनव कश्यप ने सलमान खान पर कई इल्जाम लगाए थे। इस पर राखी सावंत ने जवाब दिया है और अभिनव कश्यप की आलोचना की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, राखी ने सलमान का बचाव किया है। उन्होंने अभिनव के दावों को झूठा करार दिया है। राखी सावंत ने हिंदी रश से बात करते हुए कहा तू जिधर भी मिला टकले, तुझे चप्पल से मारूंगी। दबंग फिल्म का डायरेकटर था वो। पता नहीं कौन है वो। हम तो नाम नहीं लेंगे उसका। मैं उस टकले का नाम लेकर अपनी जबान खराब नहीं करूंगी। सलमान खान का बचाव करते हुए राखी ने कहा भाई (सलमान) को ना किसिंग पसंद है ना किसिंग सीन पसंद है। धरती पर देवता है वह। अभिनव कश्यप पर इल्जाम लगाते हुए राखी ने कहा वह मीडिया में गलत-गलत बोल रहा है, उनके परिवार के बारे में। झूठ बोलता है वह।



रणजी ट्रॉफी 2025:

# बदल गया रणजी ट्रॉफी का इतिहास

● 90 ओवर में खत्म पूरा टेस्ट, 2 गेंदबाजों ने ली हैट्रिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी में खेला गया असम बनाम सर्विसेज मैच इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है. ये टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे छोटा मैच है, जो 90 ओवरों में खत्म हो गया.

रणजी ट्रॉफी 2025 के ग्रुप स्टेज में खेला गया असम बनाम सर्विसेज मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. यह मैच 90 ओवरों में खत्म हो गया, जिससे ये मैच भारत के सबसे बड़े रेड-बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का सबसे छोटा मैच बन गया. इस मुकाबले में सर्विसेज ने असम को 8 विकेट से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की. दोनों टीमें ग्रुप सी में शेमल हैं.

### 90 ओवरों में खत्म पूरा मैच, बना इतिहास

इस मैच (असम बनाम सर्विसेज) की खास बात ये रही कि पूरा मुकाबला 90 ओवरों में ही खत्म हो गया, जो ओवरों के लिहाज से रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे छोटा मैच है. इस मैच में कुल 540 गेंदें डाली गई, जबकि इससे पहले सबसे छोटा मैच 1962 में खेला गया था. दिल्ली और रेलवे के बीच हुआ वो मैच 547 गेंदों में खत्म हो गया था, वो मैच भी 2 दिन में खत्म हो गया था.

### एक पारी में 2 गेंदबाजों ने ली हैट्रिक


असम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन सर्विसेज टीम के गेंदबाजों ने असम को 17.2 ओवरों में ऑलआउट कर दिया. फर्स्ट क्लास क्रिकेट मैच में पहली बार हुआ जब एक ही पारी में 2 गेंदबाजों ने हैट्रिक ली. असम की पारी 103 रनों पर ऑल आउट हो गई थी. सर्विसेज के गेंदबाज अर्जुन शर्मा ने 12वें ओवर में हैट्रिक ली. इसके बाद मोहित जांगरा ने अपनी लगातार 3 गेंदों पर 3 विकेट लिए, उन्होंने 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर पहला और फिर 17वें ओवर ओवर की पहली और दूसरी गेंद पर विकेट चटकाए. हालांकि पहली पारी में असम की गेंदबाजी भी अच्छी रही, उन्होंने सर्विसेज की टीम को 108 रनों पर समेट दिया था. इस पारी में सर्विसेज के इरफ़ान खान ने अर्धशतक (51) जड़ा था. रियान पराग ने 5 और राहुल सिंह ने 4 विकेट लिए थे.

### दूसरी पारी में भी फ्लॉप असम के बल्लेबाज

असम की दूसरी पारी में भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए, पूरी टीम 75 रनों पर सिमट गई. इस पारी में अर्जुन शर्मा ने 4 विकेट लिए, जबकि डेनिश दास (10), रियान पराग (12), सुमित (25) को छोड़कर असम का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया. सर्विसेज की टीम को जीत के लिए 71 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे 13.5 ओवरों में हासिल कर टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की. पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट लेने वाले सर्विसेज टीम के गेंदबाज अर्जुन शर्मा को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया.

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, पैट कमिंस पहले एशेज टेस्ट से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ एशेज टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में खेले जाने वाले इस टेस्ट मैच से आधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। स्टीवन स्मिथ 21 नवंबर से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। ब्रिस्बेन में दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से शुरू होगा। इस टेस्ट में भी कमिंस के खेलने पर संशय है। इस महीने की शुरुआत में जब यह खबर आई कि सितंबर में कैरेबियाई दौरे से लौटने के बाद उन्हें तकलीफ हुई थी तब से ही कमिंस के एशेज के पहले टेस्ट में न खेल पाने की कयास लगाए जा रहे थे। सितंबर में लम्बर स्ट्रेस इंजरी का पता चलने के बाद से उन्होंने अबतक गेंदबाजी की शुरुआत नहीं की है। उन्होंने दौड़ना शुरू कर दिया है और सोमवार (26 अक्टूबर) को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक बयान में कहा गया कि उनके जल्द ही गेंदबाजी शुरू करने की उम्मीद है।



बैडमिंटन:

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण पदक जीते



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने रविवार को अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया। दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

महिला विश्व कप :

# बारिश की भेंट चढ़ा भारत-बांग्लादेश मैच

● अब हरमन ब्रिगेड की सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगी भिड़ंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में 26 अक्टूबर को भारत का सामना बांग्लादेश से हुआ. लेकिन यह मैच बेनतीजा रहा. दरअसल बारिश के चलते यह मैच पूरा नहीं हो सका और आखिर में इसे रद्द करना पड़ा.





दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला जा रहा था. मुकाबले में भारतीय टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी कर रही थी. बारिश के चलते मुकाबला 43-43 ओवर्स का कर दिया गया. बाद में और भी ओवर कम किए गए. भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, जहां उसका सामना 30 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से होना है. दूसरी ओर बांग्लादेश टीम सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी थी. इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी प्लेइंग-11 में तीन बदलाव किए. विकेटकीपर उमा छेत्री को भी मौका मिला है, जिनका ये वूमेन्स ओडीआई में डेब्यू मैच है. राधा यादव और अमनजोत कौर भी इस मुकाबले में खेलने उतरी हैं. ऋचा घोष, स्नेह राणा और क्रांति गौड़ को रेस्ट दिया गया.

झ भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक 8 वूमेन्स ओडीआई मैच खेले गए हैं. इस दौरान भारतीय टीम ने 6 मुकाबलों में जीत हासिल की है. जबकि बांग्लादेश को केवल एक मैच में जीत मिली. वहीं 1 मुकाबला टाई रहा. यानी आंकड़ों में भारतीय टीम का पलड़ा बांग्लादेश पर भारी रहा है.

चेस चैम्पियंस:

# क्लच शतरंज चैंपियंस में हिस्सा लेंगे भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, सामने होगी कड़ी चुनौती





**सेंट लुईस, एजेंसी।** यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्व चैंपियन डी गुकेश को शुरू हो रहे 412000 डॉलर इनामी क्लच शतरंज चैंपियन मुकाबले में अब तक की सबसे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। यूरोपियन क्लब कप में अपनी टीम सुपर चेस को शानदार जीत दिलाने के बाद इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अमेरिका पहुंचने वाले गुकेश को अगर जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि विश्व रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन का ब्रेक हाल ही में पिता बनने के बाद समाप्त हो गया है और वह खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। उनके अलावा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना जैसे दमदार खिलाड़ी भी 18 गेम तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनने के दावेदारों में शामिल हैं। एक पखवाड़े के भीतर क्लच शतरंज के दूसरे टूर्नामेंट में बड़ी पुरस्कार राशि गांव पर लगी है। इसके विजेता को 120000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि मिलेगी।

# पेनल्टी न मिलने पर विनिसियस जूनियर ने लामिन यामल पर निकाली भड़ास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल के मैदान से अक्सर खिलाड़ियों के बीच बहस और कहासुनी की खबरें आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को बार्सिलोना और रियल मैड्रिड के बीच खेले गए मैच में देखने को मिला। बार्सिलोना के लामिन यामल और रियल मैड्रिड के विनिसियस जूनियर एक दूसरे से पेनल्टी के मुद्दे पर भिड़ते नजर आए।



विवाद की शुरुआत लामिन यामल द्वारा बार्सिलोना के पेनल्टी बॉक्स के अंदर रियल मैड्रिड के विंगर, विनिसियस जूनियर पर हमला करने से हुई। रीप्ले में ब्राजीलियाई खिलाड़ी के पैर पर यामल के अचानक थपथपाने की पुष्टि हुई। मैड्रिड के प्रशंसकों को यकीन था कि यह पेनल्टी थी, लेकिन अधिकारी ने इसके विपरीत फैसला लिया।रियल मैड्रिड के फ्रांसीसी फ्रंटमैन ने जल्द ही बॉक्स के बाहर एक शानदार गोल दागा, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसे ऑफसाइड घोषित किए जाने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। जल्द ही काइलियन एम्बाप्पे ने एक और मौका लिया और मैच में पहला गोल किया।

मैड्रिड के गोल के तुरंत बाद बार्सिलोना ने बराबरी के लिए जोरदार प्रयास शुरू कर दिए। राफिन्हा के मैच में न होने के कारण, ज्यादातर हमले लामिन यामल की ओर निर्देशित थे। ऐसे ही एक मौके पर विनी की निराशा सामने आई, जब उन्होंने अपनी उस पेनल्टी पर गुस्सा निकाला जिसे वे पहले नकार चुके थे। यामल विंग से नीचे ड्रिबल करने की कोशिश कर रहे थे, तभी ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने तेज़ी से हमला किया और स्पेनिश युवा खिलाड़ी के शरीर में एक जोरदार शॉट लगाकर गेंद को क्लियर कर दिया।

कैमरा मैड्रिड के विंगर पर गया। उन्हें कुछ कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए देखा गया, हालांकि उनका इशारा किसी खास खिलाड़ी की ओर नहीं था। लेकिन इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में विनिसियस चिल्लाते हुए नजर आ रहे हैं। एल क्लासिको में ऐसा अक्सर देखने को मिलता है।



यूथ एशियन गेम्स:

# भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, युवा एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण पदक

**मनामा, एजेंसी।** प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं। भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई यूथ खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इन खेलों में देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क और कुल वजन में यूथ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 44 किलो भार वर्ग में 158 किलो वजन उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 66 और और क्लीन एंड जर्क में 92 किलो वजन उठाया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली प्रीतिस्मिता ने 150 किलो वजन उठाया। प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं।

### दो वर्ष की आयु में पिता को खोया, मां ने दिया साथ

मोदीनगर में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा के संरक्षण में तैयारियां कर रहीं प्रीतिस्मिता जब दो वर्ष की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। उनका और उनकी बड़ी बहन का लालन-पालन उनकी मां ने किया। दोनों एथलेटिक्स करती थीं। वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल दास ने दोनों को मां से वेटलिफ्टिंग में उतारने का अनुरोध किया। मां तैयार नहीं थीं, लेकिन कोच के समझाने पर वह राजी हुईं। प्रीतिस्मिता बीते वर्ष 40 भार वर्ग में विश्व यूथ चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं।

# यूरोपियन क्लब कप शतरंज 2025 :

### अर्जुन नें विन्सेंट केमर को दी मात



**रोड्ज , ग्रीस, एजेंसी।** विश्व कप से ठीक पहले हो रहे यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2025 के पांचवें राउंड में भारत के नंबर एक और विश्व के नंबर 4 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी नें अलकलोइड टीम के लिए पहले बोर्ड पर अपने शानदार खेल का बरकरार रखते हुए आज नोवी बोर टीम से खेल रहे जर्मनी के विन्सेंट केमर को मात देते हुए अपनी टीम को एक बड़ी जीत दिलाने में मुख्य भूमिका निभाई । नोवी बोर से खेल रहे विदित गुजराती नें चीन के वे यी से ड्रॉ खेला तो अलकलोइड से खेल रहे अरविंद चितांबरम नें डेविड नवारा को ड्रॉ पर रोक लिया ।

हालांकि नोवी बोर को दूसरा झटका लगा जब अलकलोइड से खेल रहे चीन के यू यांगयी नें भारत के अनुभवी पेंटाला हरीकृष्णा को पराजित किया। वहीं सुपर चैस क्लब से खेल रहे विश्व चैम्पियन डी गुकेश को बाएगान्पेंदिक चैस क्लब से खेल रहे नीदरलैंड के अनीश गिरि नें ड्रॉ पर रोका , लगातार दो जीत के बाद गुकेश का यह पहला ड्रॉ था , सेंट लुईस क्लब में अपने खराब प्रदर्शन के चलते विश्व टॉप 10 से बाहर हुए गुकेश नें विश्व शीर्ष दस में एक बार फिर जगह बना ली है । वहीं महिला वर्ग में भारत की वर्तमान विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख नें एक और जीत दर्ज की उन्होने मोंटे कार्लो क्लब से खेलते हुए क्रेंना टीम से खेल रही आदेला वेलीकीक को पराजित करते हुए खुद को विश्व टॉप 10 के बेहद करीब पहुंचा दिया है ।

# डिविलियर्स से भी खतरनाक उनका 10 साल का बेटा

जड़ी अपनी पहली हाफ सेंचुरी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एबी डिविलियर्स के 10 साल के बेटे ने अपना पहला अर्धशतक लगाया. डिविलियर्स की पत्नी ने स्टोरी शेयर की, जिसे डिविलियर्स ने री-शेयर किया. साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स जब इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते थे, तब भी हर गेंदबाज में उनका खौफ था.

आज भी वह किसी लीग क्रिकेट में खेलें तो गेंदबाज उनके सामने गेंदबाजी करने से डरते हैं, क्योंकि वह आज भी उसी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं. अब उनका 10 साल का बेटा उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए चल पड़े हैं. उनके बेटे ने अपने क्रिकेट करियर का पहला अर्धशतक जड़ा है, इसको लेकर डिविलियर्स की पत्नी ने एक पोस्ट शेयर किया जिसे उन्होंने री-शेयर किया. एबी डिविलियर्स की पत्नी डेनियल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने बेटे की फोटो लगाते हुए लिखा, दिल जीत लिया. हमारे बेबी एबी ने कल अपना पहला अर्धशतक लगाया. इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए एबी डिविलियर्स ने लिखा, गर्व का पल है, और ये पारी उन्होंने अपने नए 360 बैट से खेली. बता दें कि कुछ ही दिन पहले डिविलियर्स ने अपनी बैट कंपनी खोली है. एबी डिविलियर्स इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं. वह आईपीएल समेट दुनिया भर की बड़ी क्रिकेट लीग में भी धूम मचा चुके हैं.



जयशंकर और रुबियो ने कुआलालंपुर में वार्ता की

# हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की सराहना की : जयशंकर



» कुआलालंपुर, भाषा।

**भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण दोनों देशों में पैदा हुए तनाव के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के प्रयासों के बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को यहां वार्ता की। जयशंकर और रुबियो की मुलाकात कुआलालंपुर में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया एक पोस्ट में लिखा, कुआलालंपुर में आज सुबह विदेश मंत्री रुबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की सराहना की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद से नई दिल्ली और वाशिंगटन के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया है।**

इस शुल्क में रूसी कच्चे तेल की खरीद पर लगाया गया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। भारत ने अमेरिका के इस कदम को अनुचित, असंगत और अविवेकपूर्ण बताया। ऐसा समझा जाता है कि जयशंकर और रुबियो ने दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर भी व्यापक चर्चा की। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए अब तक पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित व्यापार समझौता बहुत जल्द होने वाला है। जयशंकर ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन और थाईलैंड के विदेश मंत्री सिहासक फुआंगकेटकेओ के साथ रविवार को अलग-अलग बातचीत की। कुल 11 देशों वाले आसियान को इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक माना जाता है जिसमें भारत, अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके वार्ता साझेदार हैं। समूह के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया कुआलालंपुर में वार्षिक आसियान शिखर सम्मेलन और संबंधित बैठकों की मेजबानी कर रहा है।

## जयशंकर ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन, मलेशियाई विदेश मंत्री से मुलाकात की




**कुआलालंपुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन के साथ यहां अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। ये बैठकें दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर हुई, जिसके लिए जयशंकर कुआलालंपुर में हैं। लक्सन के साथ अपनी बैठक के दौरान, जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए उनकी (लक्सन की) प्रतिबद्धता का स्वागत है। जयशंकर ने अपने मलेशियाई समकक्ष हसन के साथ अपनी बैठक को गर्मजोशी भरा बताया और कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि उन्होंने म्यांमार की स्थिति पर भी चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने हसन को आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दीं। रविवार को, उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ वार्ता की थी। जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमारे द्विपक्षीय सहयोग और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के उनके विचारों का मैं सम्मान करता हूं। मलेशिया, आसियान के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में, कुआलालंपुर में समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन और संबंधित बैठकों की मेजबानी कर रहा है। ग्यारह देशों वाले आसियान को इस क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक माना जाता है, जिसमें भारत और अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके संवाद भागीदार हैं।

सैकड़ों लोग विभिन्न शहरों में सड़कों पर उतरे

# कैमरून में चुनाव नतीजों से पहले तनाव बढ़ने पर चार प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या: विपक्ष

» याओंडे (कैमरून), भाषा।

**राष्ट्रपति चुनाव के विश्वसनीय परिणामों की मांग को लेकर रैली निकाल रहे विपक्ष समर्थकों की कैमरून में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान कम से कम चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। स्थानीय गवर्नर ने रविवार देर रात यह जानकारी दी। कई दिनों की अशांति के बाद तथा विपक्षी उम्मीदवार इस्सा चिरोमा बाकरी के विरोध प्रदर्शन के आह्वान के जवाब में सैकड़ों लोग विभिन्न शहरों में सड़कों पर उतर आए। बाकरी का दावा है कि उन्होंने 12 अक्टूबर के चुनाव में राष्ट्रपति पॉल बिया को हराया था। कैमरून की सर्वोच्च अदालत, संवैधानिक परिषद द्वारा सोमवार को अंतिम चुनाव परिणाम घोषित किए जाने की उम्मीद है, लेकिन विपक्ष और उनके समर्थकों ने अधिकारियों पर मतदान में धांधली करने का आरोप लगाया है। लिटोरल क्षेत्र (जिसमें डौआला का आर्थिक केंद्र भी शामिल है) के गवर्नर सैमुएल डियूडोन इवाहा डिबौआ के अनुसार, डौआला में कुछ व्यक्तियों द्वारा सुरक्षा बलों और पुलिस थानों पर हमला करने के बाद चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और कई सुरक्षा बल घायल हो गए।**

अफ्रीकन मूवमेंट फॉर न्यू इंडिपेंडेंस एंड डेमोक्रेसी विपक्षी पार्टी और स्थानीय मीडिया ने पहले बताया था कि प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश कर रहे सुरक्षा बलों ने कम से कम दो प्रदर्शनकारियों को गोली मार दी। ऑनलाइन वीडियो में प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा बलों के साथ भिड़ते हुए देखा जा सकता है जिन्होंने आंसू गैस छोड़ी और डौआला तथा उत्तर में गरौआ और मारौआ सहित अन्य शहरों में प्रमुख सड़कों पर अवरोधक लगा रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। हाल के दिनों में जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान दर्जनों विपक्ष समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। कैमरून के क्षेत्रीय प्रशासन मंत्री पॉल अतांगा न्जी ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने हिंसक हमलों की साजिश रचने वाले कई लोगों को गिरफ्तार किया है।



## कैमरून में मौजूदा राष्ट्रपति बिया को विजेता घोषित किया गया

**याओंडे (कैमरून)।** कैमरून की शीर्ष अदालत ने सोमवार को राष्ट्रपति पॉल बिया को हालिया चुनाव में विजेता घोषित किया। वह विश्व के किसी देश के सर्वाधिक उम्र के राष्ट्रपति हैं। वह 92 वर्ष के हैं। कैमरून में सुरक्षा बलों के साथ झड़पों में कम से कम चार प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई, क्योंकि विपक्षी दल के समर्थक विश्वसनीय चुनाव परिणामों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। बिया 1982 से मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का नेतृत्व कर रहे हैं। देश की शीर्ष अदालत संवैधानिक परिषद ने कहा कि बिया को 12 अक्टूबर को हुए चुनाव में 53.66 प्रतिशत वोट मिले, जबकि पूर्व सहयोगी से प्रतिद्वंद्वी बने इस्सा चिरोमा बाकरी को 35.19 प्रतिशत वोट मिले।

# अर्जेंटीना में मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति माइली की पार्टी की जीत, अमेरिका की थी खास नजर


» ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना), भाषा।

**अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने प्रमुख जिला मध्यावधि चुनाव में रविवार को अपनी पार्टी की निर्णायक जीत के साथ ही महत्वपूर्ण विश्वास मत हासिल कर लिया, जिससे अमेरिका की ओर से अरबों डॉलर के समर्थन के साथ कठोर मुक्त बाजार नीतियों को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता मजबूत होने की संभावना है। स्थानीय मीडिया पर बताए जा रहे आंकड़ों के अनुसार माइली की सत्तारूढ़ ला लिबर्टाड अवांजा पार्टी ने राष्ट्रीय चुनाव में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। मीडिया के अनुसार 97 प्रतिशत मतों की गिनती हो चुकी है। दूसरी ओर वामपंथ की ओर झुकाव रखने वाले विपक्षी गठबंधन पेरोनिज्म को 31 प्रतिशत वोट मिले हैं। जानकारों का कहना है कि यह बीते वर्षों की तुलना में गठबंधन का सबसे खराब प्रदर्शन है। माइली ने ब्यूनस आयर्स में स्थित पार्टी मुख्यालय में कहा कि रविवार को आए नतीजों के बाद संसद के निचले सदन में उनकी पार्टी की सीट 37 से बढ़कर 101 हो गई है**

जबकि उच्च सदन सीनेट में ला लिबर्टाड अवांजा पार्टी के सदस्यों की संख्या में 14 सदस्यों का इजाफा हुआ है और अब कुल सदस्य 20 हो गए हैं। उन्होंने कहा, अर्जेंटीना की जनता ने पतन को पीछे छोड़ दिया और प्रगति का रास्ता चुना। उन सभी लोगों को धन्यवाद जिन्होंने अर्जेंटीना को फिर से महान बनाने के लिए स्वतंत्रत विचारों का समर्थन किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रमुख वैचारिक सहयोगी माइली का रविवार के चुनाव में बहुत कुछ दांव पर था। माइली ने दशकों के बजट घाटे और संरक्षणवाद के बाद सरकारी खर्च में कटौती की है और अर्जेंटीना की अर्थव्यवस्था को उदार बनाया है। इस चुनाव पर अमेरिकी की खास नजर थी।



# मुझे अगले साल की शुरुआत में क्वाड बैठक होने की उम्मीद : ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री



**कुआलालंपुर, (भाषा)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने क्वाड गठबंधन की बैठक अगले वर्ष की पहली तिमाही में होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने चार देशों के इस समूह को एक महत्वपूर्ण मंच बताया। भारत इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला था, लेकिन जापान में राजनीतिक उथल-पुथल और भारत-अमेरिका संबंधों में गतिरोध की वजह से इस वर्ष इस बैठक की उम्मीद बहुत कम है। अल्बनीज ने दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) शिखर सम्मेलन के इतर रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, क्वाड एक महत्वपूर्ण मंच है और हमारे लिए ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान और भारत के साथ जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगले साल की पहली तिमाही में बैठक होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड बैठक की मेजबानी करने वाले हैं। उन्होंने क्वाड के भविष्य और इस वर्ष इसकी बैठक को लेकर पूछे गए सवाल के उत्तर में कहा कि यह शिखर सम्मेलन के लिहाज से व्यस्त मौसम है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह व्यस्त दौर है। ट्रंप एशिया के तीन देशों की यात्रा पर हैं। वह आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया में थे और यहां से वह जापान के लिए रवाना हुए। ट्रंप जापान से दक्षिण कोरिया जाएंगे, जहां एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के दौरान उनकी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात प्रस्तावित है। इससे पहले अगस्त में, खबरों में दावा किया गया था कि ट्रंप की अब इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की कोई योजना नहीं है। इससे अमेरिकी नेता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच रिश्तों का संकेत दिया गया था। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद से नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच रिश्तों में तनाव आ गया है। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित, अन्यायपूर्ण और अविवेकपूर्ण करार दिया है।

न्यूज ब्रीफ

## ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला से नस्ल के कारण बलात्कार, पुलिस ने अपील जारी की

» लंदन, भाषा।

**ब्रिटेन पुलिस ने उत्तरी इंग्लैंड में 20 वर्षीय एक महिला से उसकी नस्ल के कारण बलात्कार की घटना के बाद एक श्वेत संदिग्ध का पता लगाने के लिए अपील जारी की है। ऐसा माना जा रहा है कि महिला भारतीय मूल की है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के अनुसार उसे शनिवार शाम वॉलसॉल के पार्क हॉल क्षेत्र में सड़क पर एक महिला के संकट में होने की सूचना मिली। पुलिस ने संदिग्ध की सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए बताया कि इस अपराध को नस्लीय हमला माना जा रहा है। मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे डिटेक्टिव सुपरिंटेंडेंट (डीएस) रोनन टायरर ने कहा, यह युवती पर एक बेहद भयावह हमला था। हम अपराधी को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमारी टीम साक्ष्य एकत्र कर रही हैं और आरोपी की पहचान करने पर काम कर रही हैं ताकि उसे जल्द हिरासत में लिया जा सके।**

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी ने उस समय इलाके में किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखा हो या उसके पास कोई सीसीटीवी फुटेज हो, तो वह जानकारी साझा करे। पुलिस के अनुसार, हमलावर की उम्र लगभग 30 वर्ष है, वह श्वेत पुरुष है, छोटे बाल रखता है और हमले के वक्त काले कपड़ों में था। स्थानीय समुदायों का कहना है कि पीड़िता पंजाबी मूल की महिला है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब कुछ सप्ताह पहले पास के ओल्डबरी क्षेत्र में एक ब्रिटिश सिख महिला से भी उसकी नस्ल के कारण बलात्कार किए जाने की घटना सामने आई थी। डीएस टायरर ने कहा कि फिलहाल दोनों मामलों को आपस में जोड़ा नहीं गया है। वॉलसॉल पुलिस के चीफ सुपरिंटेंडेंट फिल डॉल्बी ने कहा कि समुदाय में भय और चिंता की भावना है इसलिए इलाके में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी। सिख फेडरेशन यूके ने बताया कि वॉलसॉल की पीड़िता पंजाबी महिला है और आरोपी ने उसके घर का दरवाजा तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

## मैडागास्कर की सैन्य सरकार ने अपदस्थ राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना की नागरिकता छीनी

» जोहानिसबर्ग, भाषा।

**मैडागास्कर के सैन्य शासन ने तख्ता पलट करने के एक सप्ताह बाद अपदस्थ राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना की नागरिकता छीन ली है। राजोइलिना इस्तीफे की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद देश छोड़कर अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। उनके पास फ्रांसीसी नागरिकता भी है। देश के नवनियुक्त प्रधानमंत्री हेरिन्त्सलामा राजोनारिवेलो ने एक ऐसे कानून को लागू करने वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें किसी अन्य देश की नागरिकता रखने वाले मेडागास्करवासियों की नागरिकता वापस लेने का प्रावधान है।**

राजोइलिना के पास फ्रांसीसी नागरिकता होने के कारण पहले 2023 के चुनावों में राष्ट्रपति पद के लिए उनकी अर्हता को लेकर बहस छिड़ गई थी। हालांकि, वह चुनाव जीत गए थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार रोजोइलिना युवाओं के नेतृत्व में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के उग्र होने के बाद देश छोड़कर चले गए थे। उनके विरोध में कई शहरों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए थे और शुरू में सुरक्षा बलों द्वारा कठोर कार्वाई की गई, जिसमें 22 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए।

# यूएसएस निमित्ज विमानवाहक पोत पर एक विमान व एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

» वाशिंगटन, भाषा।

**विमानवाहक पोत यूएसएस निमित्ज पर तैनात एक लड़ाकू विमान और एक हेलीकॉप्टर, दोनों ही 30 मिनट के अंतराल पर दक्षिण चीन सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। नौसेना के प्रशांत बेड़े ने यह जानकारी दी। बेड़े ने एक बयान में कहा कि एमएच-60आर सी हॉक हेलीकॉप्टर के चालक दल के तीन सदस्यों को रविवार दोपहर बचा लिया गया, और एफए-18एफ सुपर हॉर्नेट लड़ाकू विमान में सवार दो पायलट विमान से बाहर निकल गए और उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया। बयान के अनुसार पांचों सुरक्षित और स्थिर स्थिति में हैं।**



बयान में कहा गया है कि दोनों दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को तोक्यो जाते समय एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ए घटनाएं खराब ईंधन के कारण हुई हो सकती हैं। उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया और कहा कि छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों के जवाब में अमेरिका की प्रतिक्रिया के तहत गर्मियों के अधिकांश समय पश्चिम एशिया में तैनात रहने के बाद, यूएसएस निमित्ज वाशिंगटन राज्य में नौसेना के बेस किट्सैप में अपने गृह बंदरगाह पर लौट रहा है। यह वाहक सेवामुक्त होने से पहले अपनी अंतिम तैनाती पर है। एक अन्य विमानवाहक पोत, यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन, हाल के महीनों में पश्चिम एशिया में तैनात रहने के दौरान कई दुर्घटनाओं का शिकार हुआ है। दिसंबर में, निर्देशित मिसाइल क्रूजर यूएसएस गेटिसबर्ग ने गलती से ट्रूमैन के एक एफए-18 जेट को मार गिराया था। फिर, अप्रैल में, एक और एफए-18 लड़ाकू विमान ट्रूमैन के हैंगर डेक से फिसलकर लाल सागर में गिर गया था। और मई में, लाल सागर में विमान वाहक पोत पर उतर रहा एक एफए लड़ाकू विमान, उतर रहे विमानों को रोकने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले स्टील के तारों को पकड़ने में विफल रहने के बाद, पानी में गिर गया और उसके दो पायलटों को बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# नेपाल में अधिक ऊंचाई पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने से चार की मौत

» काठमांडू, भाषा।

**श्रहिमालई राष्ट्र नेपाल के पश्चिमी भाग में अलग-अलग घटनाओं में चार नेपाली कुलियों और पर्वतारोहियों की ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुली दिल बहादुर गुरुंग और सामगा घाले तथा पर्वतारोही राम बहादुर थापा मगर की गंडकी प्रांत के मनांग जिले में मृत्यु हो गई।गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गुरुंग और घाले विदेशी पर्वतारोहियों का सामान ढो रहे थे, तभी उन्हें ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या हो गई और बाद में उनकी मृत्यु हो गई।**

राम बहादुर मगर एक ट्रेक से लौटने के बाद अपने होटल के कमरे में मृत पाए गए। इसी तरह की एक घटना में, एनडीआरआरएमए के अनुसार, कास्की जिले के अन्नपूर्णा बेस कैंप क्षेत्र में ट्रेकिंग के दौरान ऊंचाई संबंधी बीमारी से पीड़ित नेपाली नागरिक सूरज मान श्रेष्ठ की शनिवार को उस होटल में मृत्यु हो गई, जहां वह ठहरे हुए थे। इसी प्रकार, उत्तरी कंचनजंगा पर्वत के बेस कैंप की ट्रेकिंग से लौट रहे 31 वर्षीय एक स्पेनिश नागरिक को शनिवार को ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या हो गई। उन्हें ताप्लेजंग जिले के फक्तांगलुंग गांव के एक अतिथिगृह से बचाया गया, जहां वह आराम कर रहे थे। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें उसी दिन इलाज के लिए काठमांडू पहुंचाया। कास्की जिले का अन्नपूर्णा क्षेत्र और उत्तरी नेपाल का मस्तंग जिला, दोनों ही इस समय ट्रैकिंग के लिए आने वाले हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों से गुलजार हैं।

## हवाई यातायात नियंत्रकों की कमी के कारण लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ानें रोकीं



**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया हवाई यातायात केंद्र में कर्मियों की कमी के कारण लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाले विमानों को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने शिकागो, वाशिंगटन और नेवार्क (न्यू जर्सी) में भी कर्मियों के कारण विमान परिचालन में देरी की सूचना दी। एफएए ने विश्व के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन पर अस्थाई रोक लगा दी। इसके तुरंत बाद अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने अनुमान जताया कि आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानों में देरी हो सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है क्योंकि देश के हवाई यातायात नियंत्रक संघीय सरकार के शटडाउन के दौरान बिना वेतन के काम कर रहे हैं। डफी ने फॉक्स न्यूज के कार्यक्रम संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स में कहा कि कई नियंत्रक बीमार होने की सूचना दे रहे हैं, क्योंकि पैसे की चिंता ने पहले से ही चुनौतीपूर्ण नौकरी में तनाव को और बढ़ा दिया है।

# वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिका ने त्रिनिदाद एवं टोबैगो में तैनात किया युद्धपोत

» पोर्ट ऑफ स्पेन, भाषा।

**अमेरिका ने पड़ोसी देश वेनेजुएला और उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर सैन्य दबाव बढ़ाने के लिए एक युद्धपोत त्रिनिदाद एवं टोबैगो में तैनात किया है। अमेरिका ने मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रेवली को कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एवं टोबैगो भेजा है। इससे पहले वह विमान वाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड भी भेज चुका है, जो वेनेजुएला की ओर बढ़ रहा है। मादुरो ने विमान वाहक पोत के आगे बढ़ने की आलोचना करते हुए इसे अपने देश के खिलाफ एक नया युद्ध छेड़ने का अमेरिकी सरकार का प्रयास बताया है।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना सबूत पेश किए मादुरो पर संगठित अपराध गिरोह त्रेन दे अरागुआ का नेता होने का आरोप लगाया है। त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सरकारी अधिकारियों और अमेरिका ने कहा है कि यह विशाल युद्धपोत बृहस्पतिवार तक त्रिनिदाद एवं टोबैगो में ही रहेगा ताकि दोनों देश अभ्यास कर सकें। त्रिनिदाद एवं टोबैगो के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि युद्धपोत भेजने का फैसला हाल ही में लिया गया था। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर को वेनेजुएला के जलक्षेत्र में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति और संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी नौकाओं पर घातक हमले किए जाने का प्रबल समर्थक माना जाता है।

# माली में ईंधन संकट के कारण स्कूल बंद

» बमाको (माली), भाषा।

**माली सरकार ने देशभर के स्कूलों और विश्वविद्यालयों को रविवार से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला ईंधन की कमी के कारण लिया गया है, जो जिहादी उग्रवादियों द्वारा राजधानी में ईंधन आयात पर नाकेबंदी के चलते उत्पन्न हुई है। शिक्षा मंत्री अमादू सई सवाने ने सरकारी टेलीविजन पर बताया कि ईंधन आपूर्ति बाधित होने से स्कूल कर्मचारियों के आवागमन पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कक्षाएं दो सप्ताह के लिए निलंबित रहेंगी। अल-कायदा समर्थित संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने सितंबर की शुरुआत में पड़ोसी देशों से माली में ईंधन आयात पर रोक लगाने की घोषणा की थी। इस प्रतिबंध से माली की नाजुक अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है और सैकड़ों ईंधन ट्रक सीमाओं पर फंसे हुए हैं।**

माली, बुर्किना फासो और नाइजर पिछले कई वर्षों से सशस्त्र समूहों की हिंसा से जूझ रहे हैं जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े गुटों के साथ-साथ स्थानीय विद्रोही भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद फ्रांसीसी बलों को निष्कासित कर दिया गया और सुरक्षा सहयोग के लिए रूस के भाड़े के सैनिकों की मदद ली गई। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि इससे स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है। माली की राजधानी बमाको में पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं और ईंधन संकट के कारण आवश्यक वस्तुओं और परिवहन के दाम बढ़ गए हैं। ईंधन आयात पर निर्भर देश माली के लिए यह नाकाबंदी सैन्य सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती मानी जा रही है। सेना ने वर्ष 2020 में सत्ता पर कब्जा करते समय दावा किया था कि यह कदम दशकों से चले आ रहे सुरक्षा संकट को समाप्त करने के लिए जरूरी था।



मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,